
डॉ. सूरत ठाकुर

हिमाचल की देव-भार्याएं



हिमाचल की देव-भार्थाएं

डॉ. सूरत ठाकुर
एम.ए., पीएच.डी.(संगीत),
एन.डी. (नेचुरोपैथी),
पी.जे.एम.सी. पत्रकारिता एवं जनसंचार

अक्षरधाम प्रकाशन
करनाल रोड,
कैथल-136027 (हरियाणा)

ISBN-978-93-82341-86-4

अक्षरधाम प्रकाशन
करनाल रोड,
कैथल-136027 (हरियाणा)
फ़ोन : 01746-235862, 09215897365
E mail : akshardhamparkashan@gmail.com

●

मूल्य : भारत में ₹ 200.00
विदेश में 20 $ (यू. एस. डालर)
प्रथम संस्करण : 2013

●

मुद्रक : सुकीर्ति प्रिंटर्ज,
करनाल रोड, कैथल

₹ 200.00

विषय अनुमणिका

प्राक्कथन

लोक गाथाओं का लोक संस्कृति एवं लोक साहित्य में अत्यन्त विशिष्ट स्थान है। आज की जीवन शैली के प्रवाह में जिस प्रकार से हमारा सांस्कृतिक जीवन विचलित हुआ है, उससे लोक संस्कृति की समर्थ शक्ति लोक साहित्य की अक्षय निधि का निरन्तर क्षय हो रहा है जिसमें लोक गाथाओं की अनेक महत्वपूर्ण कड़ियां विलुप्त हो चुकी हैं। अभी तक ये लोकनिधि जितनी बची है, उसके संरक्षण के सजग प्रयास की त्वरित आवश्यकता है।

देवभूमि हिमाचल प्रदेश की लोक गाथाओं में देव भार्थाओं की समृद्ध परम्परा विद्यमान है। देव भार्थाओं को देवपर्वों में सुनाने का एक निश्चित विधान है। देव-आस्था प्रधान समाज द्वारा देव विधान के निष्ठापूर्वक अनुपालन के फलस्वरूप ये भार्थाएं पर्याप्त सुरक्षित रही हैं, लेकिन कालचक्र की गति के साथ इनमें भी धीरे-धीरे अनेक न्यूनताएं प्रवेश कर रही हैं। अतः सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण में सदा सचेष्ट, लोक साहित्य के गूढ़ अध्येता डॉ. सूरत ठाकुर का हिमाचल प्रदेश की देव भार्थाओं का प्रस्तुत संकलन एक अद्वितीय ऐतिहासिक कार्य है। देव भार्थाएं जिन्हें गाथा, गणाई आदि नामों से जाना जाता है, में सम्बन्धित देवी देवता का अपना कथा वृत सुनाया जाता है। सामान्यतः इसे देवता के गूर निश्चित देव पर्वों के अवसर पर सुनाते हैं। इसके अतिरिक्त अन्य दिनों में इसे सुनाने की प्रथा नहीं है। ऐसी परिस्थितियों में इन भार्थाओं को लिपिबद्ध करना डॉ. सूरत ठाकुर की अपने संकल्प के प्रति दृढ़ता तथा इनकी कार्य कुशलता का परिचय है। लेखक भार्था के मौलिक रूप को अपरिवर्तित रखने के पक्षध ार हैं। इसलिए इन्होंने इनके मूल रूप में परिवर्तन नहीं किया है। इनका मानना है कि इसमें भावी अनुसन्धान के लिए मौलिक स्रोत सामग्री प्रामाणिक रूप में सुलभ होगी जिससे वास्तविक परिप्रेक्ष्य में तथ्यपरक यथार्थ मूल्यांकन सम्भव होगा।

भगवान श्रीकृष्ण श्रीमद्भगवद्गीता के पुरुषोत्तम योग नामक 15वें अध्याय के 18वें श्लोक में कहते हैं कि मैं नाशवान् पदार्थों से तो सर्वथा अतीत हूं और अविनाशी जीवात्मा से भी उत्तम हूं। इसलिए लोक और वेद

में पुरुषोत्तम नाम से प्रसिद्ध हूँ-

यस्मात्क्षरमतीतोहमक्षरादीप चोत्तमः।
अतोस्मि लोके वेदे च प्रथितः पुरुषोत्तमः।।

यहां लोके वेदे च के कथन में लोक की स्वीकार्य महिमा सर्वप्रतिष्ठित गीता शास्त्र में स्वीकृत है। महर्षि वेदव्यास ने महाभारत के उद्योग पर्व में कहा है कि कोई भी व्यक्ति लोक का प्रत्यक्ष दर्शन प्राप्त करके ही सर्वदर्शन एवं सर्वज्ञान में सम्पन्न हो सकता है-

प्रत्यक्षदर्शी लोकानां सर्वदर्शी भवेन्नरः।

डॉ. सूरत ठाकुर की कृति में लोक का प्रत्यक्ष दर्शन है और लोक के इस प्रत्यक्ष दर्शन में वैदिक संस्कृति से अनुप्राणित भारतवर्ष की राष्ट्रीय सनातन चिन्तन धारा का साक्षात् प्रवाह है।

यदा-कदा कुछ विद्वान लोक संस्कृति का राष्ट्र की सनातन संस्कृति से भिन्न एक अलग ही अस्तित्व स्थापित करने की चेष्टा करते हैं। वास्तव में ऐसा नहीं है। लोकमानस एवं लोक संस्कृति में राष्ट्र का सर्व समावेशी चैतन्य स्वतः स्फूर्त होता है। देव भार्थाओं में यह चैतन्य अधिक मुखरित पाया जाता है। इस पुस्तक की देव भार्थाओं में भी जहां आंचलिक परिवेश के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक जीवन के विविध आयाम अभिव्यक्त होते हैं, वहां इनमें भावनात्मक राष्ट्रीय एकता की सहज अनुभूति अन्तर्निहित है।

निस्संदेह यह कृति भावी अनसंधित्सुओं के लिए मील पत्थर साबित होगी और सुधी पाठकों में समादृत होगी। हार्दिक शुभकामनाएं।

-डॉ. विद्याचन्द ठाकुर
पूर्व उपनिदेशक,
भाषा एवं संस्कृति विभाग, हि०प्र०
गांव-खोड़ा आगे, डाकघर-पीज
ज़िला-कुल्लू हि.प्र.-175101

लेखकीय

हिमाचल प्रदेश में हर घर, हर कुल तथा गांव में किसी न किसी देवता की अराधना होती है। ये देवता ही लोगों के जीवन की धुरी होते हैं। इनसे पूछकर ही हर ग्रामवासी अपने खेत-खलियानों में काम करता है, नये घर का निर्माण करता है तथा विवाह-शादी जैसे पवित्र बन्धन भी इन्हीं की इच्छा से पूर्ण होते हैं।

ये देवी-देवता यहां कैसे आये? इन्होंने कौन-कौन से चमत्कार दिखाये? किस तरह इन्होंने लोगों की इच्छाओं की पूर्ति की और किस तरह इन्हें दुष्टों से बचाया आदि का उल्लेख इनकी भार्थाओं में रहता है। इनकी भार्थाओं में इनका इतिहास छुपा रहता है। अतः इनकी शक्तियों को जानने के लिए इनकी भार्थाओं को समझना आवश्यक है।

लगभग सभी देवी-देवता प्रतिवर्ष माघ मास की संक्राति को शक्ति अर्जित करने के लिए स्वर्ग लोक प्रस्थान करते हैं। वहां से पन्द्रह माघ या फागुन सक्रांति या चैत्र मास की सक्रांति को वापिस लौटते हैं। तब इनके गूर भार्था सुनाते है। इसके अतिरिक्त ये जब अपने जन्म दिन को मनाते हैं तो अपने गूर के माध्यम से अपनी गाथा को भार्था के रूप में सुनाते हैं।

भार्थाओं को संकलित करना बहुत कठिन काम है। प्रदेश के अधिकांश देवता अपनी भार्था बताने की अनुमति नहीं देते। जो देवता फागली या पर्व के अवसर पर भार्था का लेखन करने की अनुमति देते भी हैं, तो उनके गूर जब भार्था सुनाते हैं तो उनका स्वर बहुत धीमा होता है, जिससे उन द्वारा गाये गए शब्दों का पता ही नहीं चलता। भार्था सुनाते समय उन्हें टोकने या दोबारा बोलने पर प्रतिबन्ध रहता है। हालांकि जब से इलैक्ट्रॉनिक उपकरण उपलब्ध हो गए हैं, तब से भार्थाओं को सुनाते हुए वीडियोग्राफी करने की इजाज़त मिलने लगी है, वह भी बहुत कम देवताओं के यहां।

भार्थाओं को अधिकांशतः गूर ही सुनाते हैं। जब नया गूर निकलता है तो उसे वरिष्ठ गूर के सान्निध्य में रह कर भार्थाएं सीखनी पड़ती हैं। कई स्थानों पर ढोल बही भी मिलती है। गूर उनसे भी भार्थाओं को स्मरण करता है।

इन भार्थाओं को संकलित करते समय हमने वीडियोकैमरा तथा टेपरिकार्डर का सहारा लिया है। कुछ स्थानों पर गूर भी भार्था सुनाने के लिए सहमत हुए हैं। कुछ मित्रों के पास भी भार्थाएं उपलब्ध थी, जिन्हें उन्होंने सहर्ष देना स्वीकर किया। कुछ भार्थाएं तथा गाथाएं पुस्तकों तथा पत्र-पत्रिकाओं से भी उपलब्ध हुई हैं।

मुझे जिस भी माध्यम से भार्थाएं मिली। उन सब को इस पुस्तक में पिरोने की कोशिश की है। इन्हें हिन्दी अनुवाद सहित देने का प्रयोजन हिमाचल के बाहर के पाठकों तक पहुंचाने का मकसद रहा है। ताकि वे भी इन के मूल को समझ सकें। इन भार्थाओं में बहुत से ऐसे शब्दों का प्रयोग हुआ है जिनका अर्थ गूर भी नहीं जान सके। उनका कहना है कि हमने जैसा सुना वैसा ही सुना दिया। परिवर्तन के साथ भाषा-बोली में परिवर्तन होना सम्भव है, इसलिए हो सकता है कि कुछ शब्द अब प्रचार में नहीं रहे होंगे। अतः उक्त शब्दों के स्थान पर मिलता-जुलता अर्थ देने की कोशिश की है।

कई बर्षो से इन भार्थाओं को संकलित करता रहा और देवी देवताओं के आशीष से इन्हें प्रकाश में लाने का साहस जुटा पाया हूं। भार्थाओं के साथ कुछ देवगाथाएं भी इस संकलन में दी गई है। कुछ वर्षो के बाद इनको सुनाने वाले भी नहीं रहेंगे तो ये हमेशा के लिए समाप्त हो जायेंगी। भार्थाओ को सुनाने वाले दिन प्रतिदिन इन्हें भूलने लगे हैं। इन्हें प्रकाशित करने का मकसद है इनका संरक्षण, ताकि हिमाचल प्रदेश की देव संस्कृति की यह थाती सुरक्षित रह सके।

इनके संग्रहण व विश्लेषण में डॉ. विद्याचन्द ठाकुर, श्री दानवेंन्द्र सिंह, श्री दीपक शर्मा, डॉ. विद्यासागर नेगी, श्री होतम सिंह पाल, श्री हीरा लाल ठाकुर, श्री तेजराम नेगी, व श्री तोबदन का अत्यन्त आभारी हूं। उन गूर, पुजारियों, वादकों तथा अन्य कार-करिन्दों के सहयोग के बिना पुस्तक को आकार देना सम्भव न था। अतः उनका बिशेष धन्यवादी हूं। यह पुस्तक श्रद्धालुओं, शोधार्थियों एवं पाठकों के लिए उपयोगी होगी तो समझूंगा मेरा प्रयास सार्थक हुआ। धन्यवाद।

-डॉ. सूरत ठाकुर

प्रथम अध्याय

देव संस्कृति

जगत को लोक कहा जा सकता है, जहां मानव जाति रहती है। मानव जाति का जहां-जहां भी बसर रहता है, उसे ही वहां का लोकजीवन कहा जाएगा। ऋग्वेद में जहां एक ओर लोकशब्द का प्रयोग जीव तथा स्थान दोनों अर्थों में हुआ है, वहीं पाश्चात्य कोशकारों ने इसका अर्थ साधारण लोक, सुसंस्कृत समझे जाने वाले लोगों की अपेक्षा अधिक सरल एवं प्राकृतिक जीवन के अभ्यस्त लोगों के जीवन से लिया है। मेरा मानना है कि समस्त प्राणी जहां विचरण करते हैं, चाहे वे साक्षर हों या निरक्षर सभी लोक के दायरें में आते है। इसमें कृत्रिम व प्राकृतिक जीवन जीने वाले सभी लोक की परिधि में आते हैं। स्थानवाची शब्द के रूप में लोक का अर्थ जगत, संसार या विश्व का कोई विशिष्ट भाग अथवा स्थान जहां कुछ अलग प्रकार के जीव या प्राणी रहते हैं-जैसे जीव लोक, प्राणी लोक, देवलोक, ब्रह्म लोक, मनुष्य लोक। आधुनिक व्यवहार में लोक शब्द अंग्रेजी के फोल्क शब्द के पर्यायवाची रूप में प्रकट हुआ है। आक्सफोर्ड शब्दकोश में फोक शब्द का अर्थ लोग, राष्ट, जाति, जनजाति या विशेष वर्ग के लोग तथा एक परिवार के विशेष लोगों से लिया गया है। लोक का अर्थ देखना भी है। लोक शब्द संस्कृत के लोकदर्शन धातु में धू् प्रत्यय लगाकर बना है जिसका अर्थ है देखनेवाला।[1]

लोक मनुष्य का वह वर्ग है, जो अभिजात संस्कार, शास्त्रीयता और पाण्डित्य की चेतना अथवा पाण्डित्य के अहंकार से शून्य है और जो परम्परा के प्रवाह में जीवित रहता है। लोक शब्द का प्रचलित अर्थ दो प्रकार से हैः एक विश्व तथा दूसरा जनसाधारण।

संस्कृति

मानव प्रायः बुद्धि के बल पर ही आनंद की खोज करता है। वह अपनी किसी रचना को पूर्ण मानकर संतुष्ट नहीं होता, अपितु उसे और भी सुंदर बनाने की चेष्टा करता है। उसका यही प्रयास संस्कृति को जन्म देता है। दूसरे शब्दों में हम यह भी कह सकते हैं कि मनुष्य की श्रेष्ठ साधनायें, आध्यात्मिक, धार्मिक, साहित्यिक और बौद्धिक साधना का फल होती हैं। उसका वास्तविक सम्बन्ध जीवन की आंतरिक आवश्यकताओं से होता है। लोक संस्कृति का अर्थ मन का विकास, रूचि का सुधार, आचार-विचार का परिमार्जन और ज्ञान का संवर्धन है। संस्कृति के अनुसार किसी समूह या व्यक्ति की संस्कृति का मानदण्ड उसका ज्ञान, साहित्य, संगीत एवं कला से प्रेम के संस्कार हैं। व्यक्तियों के समूह की कलात्मक तथा बौद्धिक उन्नति का नाम ही संस्कृति है। जिस प्रकार वर्षा के पश्चात आकाश में इन्द्रधनुष बड़ा सुंदर और आकर्षक दिखता है, उसी प्रकार संस्कृति के विविध रंग भी अपने सौन्दर्य में किसी समाज के आकर्षक रूप को प्रकट करते हैं।

संस्कृति शब्द संस्कार से बना है। संस्कार शब्द का प्रयोग उन विशिष्टक्रियाओं को सूचित करने के लिए किया जाता है, जिनको किसी न किसी शास्त्र में मनुष्य के जीवन में उसकी उन्नति की ओर ले जाने योग्य निश्चित किया गया है। हमारे सोलह संस्कार इसी के द्योतक हैं। वैसे तो संस्कृति में स्थायित्व का पुट अधिक होता है, फिर भी यह स्वतः परिवर्तित भी होता रहता है। संस्कृति और सभ्यता में यह अन्तर होता है कि संस्कृति स्वतः परिवर्तित होती है। संस्कृति का सीधा सम्बन्ध मानव की आंतरिक भावनाओं से होता है और सभ्यता की सफलता बाहय आवश्यकताओं की पूर्ति होती है। संस्कृति का व्यवहारिक रूप अशिक्षित कहे जाने वाले लोगों के पास ही होता है।

लोक संस्कृति के अंग

मानव के सब संस्कार जो लौकिक और पारलौकिक उन्नति के मार्ग को प्रशस्त करते हुए समाज के सर्वांगीण जीवन का निर्माण करते हैं, लोक संस्कृति के अंग कहे जा सकते हैं। इनमें व्यक्ति समाज और देश की

आत्मा निहित रहती है। इनके चिन्तन, मनन, रहन-सहन और कला-कौशल आदि का समावेश संस्कृति में रहता है। व्यापक दृष्टि से देखा जाये तो संस्कृति सोशल हैरिटेज अथवा जीने का ढंग है। लोक संस्कृति किसान के हल की आकृति नहीं है जो लोक संस्कृति के विधान को अपनी ओर आकर्षित करे, प्रत्युत वे उपचार और अनुष्ठान हैं, जिन्हें किसान हल जोतते वक्त करता है। पुल अथवा किसी भवन का निर्माण नहीं है, अपितु वह पूजा पाठ है, जो उस समय किया जाता है। लोक संस्कृति वस्तुतः मानव की मनोवैज्ञानिक अभिव्यकित है।

कला-कौशल संस्कृति का अभिन्न अंग है जिसके अन्तर्गत लोक में प्रचलित हर्षोल्लास को व्यक्त करने वाले लोकनृत्यों, लोकनाटकों आदि मनोविनोदों का वर्णन कर सकते हैं। मेले और त्योहार तो संस्कृति का प्राण होते हैं। इन्हें लोकजीवन की झांकी भी कह सकते हैं। मेले और त्योहार किसी न किसी ऐतिहासिक तथा धार्मिक घटना की उपज होते हैं, जो अपने स्वरूप को खोये बिना निरन्तर हर वर्ष धूमधाम से मनाये जाते हैं। शकुन-अपशकुन में, ज्योतिष में, स्वप्न मे, भागयवाद तथा जादूटोनों में विश्वास आदि सभी लोक संस्कृति के अंग कहे जा सकते हैं।

लोक संस्कृति को स्वतः सुरक्षित रखने में मेलों एवं त्योहारों, संस्कारों एवं व्यवहारों आदि का महत्वपूर्ण योगदान होता है। मेलों की प्राचीन काल से चली आ रही प्रथाओं को यदि पूर्णतया बन्द किया जाये तो उस मेले का महत्व अपने आप समाप्त हो जाएगा। लोक संस्कृति को सुरक्षित रखने का एक मात्र सशक्त साधन पाण्डुलिपियां, पुस्तकें तथा पत्र-पत्रिकायें हैं।

भूत पर ही वर्तमान स्थित है और भविष्य का निर्माण वर्तमान से ही सम्भव है। अतः यह आवश्यक हो जाता है कि वर्तमान को प्रकाशित करके सुरक्षित रखा जाये। संस्कृति के आयाम हमें अतीत की खूबियों को दिखाने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। आज की संरक्षित संस्कृति कल का इतिहास हो सकती है। यही हमें पूर्वजों के जीने के ढंग से परिचय करवाने में सक्षम है।

मनोरंजन लोक संस्कृति का प्रमुख ध्येय है ही, परन्तु यह समाज का असली चेहरा उजागर करने में दर्पण का काम भी करती है। जिस प्रकार

हम दर्पण देखकर अपने चेहरे के हाव-भाव को देख सकते हैं, उसी प्रकार संस्कृति भी समाज की मनोगत भावनाओं को व्यक्त करने में सक्षम होती है। संस्कृति एक शिक्षक के रूप में नैतिकता, आस्तिकता, परस्पर विश्वास एवं स्नेह की भावना को बल देती है। वास्तव में लोक संस्कृति मानव जाति को शांति और कल्याण के पथ पर ले जाने में भाई चारे का मार्गदर्शन कराने में, एकता के सूत्र में बन्धवाने और अतीत का स्वरूप दिखाने में अहं भूमिका निभाती है।

देव संस्कृति

महर्षि यास्क ने देवता शब्द का निर्वचन इस प्रकार किया है-

देवो दानाद्वा, दीपनाद्वा द्योतनाद्वा।

द्युस्थानौ भवतीति वायो देवः सा देवता।।

अर्थात् दातृत्व शक्ति से युक्त दीपन और द्योतन करने वाले को देव कहा जा सकता है। देव ही देवता कहलाता है। जो देता है वही देव है। ये देवता ब्रह्माण्डन्तर्गत वस्तुओं की उत्पति के लिए अपने-अपने अंशों का दान करते हैं। अतः ये देवता कहलाते हैं। दर्शन एवं आगम की परिभाषा में जिसे शक्ति कहते हैं, वेदों में वही प्राण अथवा देवता कहलाता है। मानव शरीर में दसों इंद्रियों तथा मन, बुद्धि, चित, अहंकार के रूप में चतुर्धा निरूपित अन्तःकरण को प्रकाशित करने वाली शक्तियों को भी देवता कहते हैं।[2.]

दिव् धातु से देवता शब्द निष्पन्न होता है। वैसे देवता शब्द का अर्थ है:-

जायमानौः वै जायते सर्वाभ्य एताभ्य एव देवताभ्यः।

अर्थात् जो विश्व का उपादान का मूल कारण है वह देवता है। हिन्दु संस्कृति में सर्वप्रथम देवतावाद के प्रसारक वेद ही हैं। ये परमात्मा के उत्तम अंग माने गये हैं। इसीलिए देवपूजा हिन्दु संस्कृति का एक अंग है। हिमाचल के अधिकांश भागों में देवता को देऊ या देओ कहा जाता है। देऊका अभिप्रायः होता है देने वाला अर्थात् जो पूजक की अभिलाषाओं की पूर्ति करता हो। किन्नौर में इसे 'शू' तथा लाहुल में ला कहते हैं। यहां के

वासियों के मतानुसार देवताओं में अलौकिक शक्ति रहती है, इसी कारण इनका देवताओं में अगाध विश्वास रहता है। देव आस्था के सहारे ही लोग जीवनयापन में आने वाली मुश्किलों से जूझते हैं।

हिमाचल प्रदेश को देवभूमि कहा जाता है। यहां की पूरी संस्कृति देवी देवताओं के इर्द-गिर्द घूमती है। जन्म से लेकर अवसान तक प्रत्येक संस्कारों तथा परम्पराओं में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यहां के सभी रीति-रिवाज़ देवी-देवता की उपस्थिति में इनके आशीर्वाद से ही सम्पन्न होते हैं। खेत में हल चलाना हो, बीज बोना हो, फसल काटनी हो, गृह निर्माण करना हो, बच्चे का नामकरण करना हो तथा शादी-व्याह करना हो, प्रत्येक अवसरों पर देवता की अनुमति व उपस्थिति अनिवार्य होती है। अनिष्ट शक्तियों से गांव की रक्षा करने हेतु देवताओं द्वारा सुरक्षा फेरा लगाने की परम्परा यहां आम चलन में है। जहां परिवार व गांव की सुख समृद्धि में देवी-देवता सहायक होते हैं, वहीं ये असाध्य रोगों से बचाव हेतु विभिन्न प्रकार के तांत्रिक अनुष्ठान भी करवाते हैं। देवी-देवताओं का वर्चस्व इतना अधिक है कि यहां हर घर का गृह देवता, कुल का कुल देवता, गांव का ग्राम देवता होता है। ये देवी-देवता लोगों के संगी हैं, साथी हैं, पथ प्रदर्शक है, सम्बल हैं, सहारा हैं एवं सर्वोपरी भगवान हैं। लोग इनके साथ बातचीत करते हैं, रूठते हैं, मनाते हैं और हर सुख-दुख में भागीदार बनते हैं। देवताओं और श्रद्धालुओं का आपस में इतना गहरा रिश्ता होता है कि ये अपने इष्ट देवता के साथ तू-तड़ाक करके बातें करते हैं। वास्तव में देवी देवताओं से मानवीय रिश्ते स्थापित करना और ऊंचे आदर्श स्थापित करने वाले मानवों को देवताओं की तरह पूजना यहां की अनूठी परम्परा का हिस्सा है।

हिमाचल प्रदेश के किन्नौर, लाहुल-स्पिति तथा चम्बा के पांगी के कुछ क्षेत्रों में रहने वाले बोद्ध मतावलम्बियों को छोड़कर लगभग समस्त प्रदेश में सनातन धर्म को मानने वाले लोग रहते हैं, इनकी मान्यता है कि इनके जीवन का नियन्ता देवता ही है, जो इनका भरण पोषण करते हैं। लौकिक व्यवहार में भी हम देखते हैं कि जिसके द्वारा उपकार हो वह देवता माना जाता है। उदाहरण के लिए अग्नि, वायु, सूर्य आदि ऐसे देव हैं जिनके अस्तित्व से चर-अचर जगत का कल्याण होता है, ये मनुष्य, पशु, पक्षी

आदि जीवों को जीवित रहने के लिए साधन उपलब्ध करवाते हैं।

देवमूर्ति

सनातन धर्म में मूर्ति पूजा का विधान है। हम अपने पूज्य की तस्वीर या मूर्ति बनाकर पूजते हैं। हिमाचल प्रदेश में भी देवी देवताओं की मूर्तियों का पूजन किया जाता है। कहीं पर ये प्रस्तर मूर्ति के रूप में मंदिरों में अवस्थित रहते हैं और कहीं देवी-देवताओं के रथों में मुखौटों या मोहरों के रूप में सुस्सजित रहते हैं। ये मुखौटे सोना, चांदी, पीतल तथा अष्टधातु के बने होते हैं, जिनकर बजन आधा किलो से एक किलो तक होता है। इन्हें देवता की इच्छानुसार स्थानीय सुनार व लुहार बनाते हैं। जिस समय ये मुखौटे बन रहे होते हैं उस प्रक्रिया को 'घाट पड़ना' कहते हैं। उस समय गांव वाले विवाह-शादी जैसे शुभ कार्य नहीं करते। मुखौटे बनने के बाद विधि विधान के साथ देवरथ में लगाये जाते हैं।

देव रथ

पौराणिक आख्यानों में देवी देवताओं के वाहनों को साकार रुप देने के लिए हिमाचल के लोगों ने भी इनके वाहनों की कल्पना की है। जिसे कुल्लू में रथ, कांगड़ा में पालकी, शिमला में रौथ तथा किन्नौर में रथड़ कहा जाता है। ये रथ लोगों की कल्पनाशीलता एवं मूर्ति पूजा का प्रत्यक्ष उदाहरण हैं। ये देवी-देवताओं के ऐसे वाहन हैं जो लोगों के कंधों पर चलकर देवयात्रा, देवली, परिक्रमा इत्यादि करते हैं। उत्तर-प्रतिउत्तर देते हैं। देवताओं की पालकियां या रथ प्रत्येक मेलों में नाचती हैं। ढोल-नगाड़े की मधुर धुनों के साथ देवता मानव की तरह हार श्रृंगार कर वस्त्राभूषणों से सुस्सजित होकर लोगों से मेल मिलाप करते हैं।

श्रद्धालु अपनी कल्पना के अनुसार रथों का निर्माण करते हैं। जैसे-जैसे लोगों की आस्था बढ़ती गई, रथ निर्माण की प्रक्रिया भी बढ़ती गई। कुछ देवता कुछ अन्तराल पर नए रथ बनाते रहते हैं। जब एक रथ की शक्ति क्षीण होने लगती है तो नया रथ बनाया जाता है। किसी ज़माने में दो गांवों का एक ही रथ होता था। बाद में दोनों गांव वाले अलग-अलग रथ बनाते रहे हैं। जहां देवता पिंडी या मुखौटे रुप में प्रकट होता है तो लोगों को रथ बनाने हेतु आदेश भी देते हैं। फलस्वरुप वहां भी रथ बन

जाता है। रथ देवदार, ची, आंगू, खिड़की, रई या तोस के वृक्षों से बनाए जाते है। नए रथ बनने पर इसकी विधि विधान के अनुसार प्राण प्रतिष्ठा भी की जाती है।

यहां रथों की विभिन्न शैलियां प्रचलित हैं। इनमें शुरू की शैली करडू शैली है। रथों की यह शैली सबसे पुरातन है। कुल्लू को ठारह करडुओं का देश कहा जाता है। करडू का अर्थ होता है करन्डी। यह बांस से बनी हुई गोल टोकरी होती है जिसे हाथ में पकड़कर इधर उधर ले जाया जाता है। यह टोकरी लगभग डेढ़ फुट के व्यास की गोल डेढ़ फुट उंची होती है। टोकरी के अंदर देवता के मुखौटे रखे जाते हैं, साथ ही फूल आदि भी रखे जाते हैं। करडू के ऊपर चारों तरफ एक से लेकर पांच छत्र भी लगाए जाते हैं। छत्र चांदी के बने होते हैं। करडू के सम्बन्ध में जनश्रुति है कि देवता जमलू जब अपने साथ करडू में 18 देवताओं की प्रतिमाएं उठाए हुए हामटा जोत पर पहुंचे तो भयंकर आंधी से टोकरी में विद्यमान सभी देवता उड़ गए और कुल्लू के विभिन्न भागों में प्रकट हुए। कुल्लू के कोटकण्ढी के देवता पंजवीर तथा जाणा के जीवनारायण के रथ करडू में ही हैं।

छत्रनुमा शैली का खड़ा रथ लगभग दो फुट बर्गाकार में चौकोर आकार का खड़ा रथ होता है। चार पायों पर निर्मित इस रथ की लम्बाई 4 से 6 फुट होती है जिसमें फट्टे लगे होते हैं, जो पायों से कंधें तक लगभग 2 फुट चौकोर तथा 3 फुट ऊंचा होता है। इसमें चारों तरफ पायों के साथ जुड़ी हुई लकड़ी की दो इंच की शहतीरें लगी होती हैं। इन्हीं शहतीरों में आगे और पीछे चार छेद अर्गलाऐं डालने के लिए होते हैं। यह अर्गलाएं जिसे जमाण भी कहा जाता है, देवता के पैर और भुजाएं मानी जाती हैं। कंधे पर चांदी के चारों ओर चांदी के जुडू लगाए जाते हैं। कंधे के ऊपर का भाग लगभग एक फुट चौकोर तथा दो फुट लम्बा होता है जिसे गला कहते हैं। इसमें चारों तरफ दो-दो मुखौटे लगाए जाते हैं। मोहरों के ऊपर नीचे तीन चांदी या सोने की पट्टियां लगाई जाती हैं। जिन्हें 'गौली' कहते हैं। गले से पहले के भाग को शनील के कपड़े से ढका जाता है। इसे 'बनात' कहते हैं। बनात के ऊपर पट्टियां तथा मोहरे लगाए जाते हैं। गले के ऊपर का गोल भाग जो दो फुट के व्यास का होता जिसे 'शिव' कहते हैं, के अग्रमुख की तरफ एक पट्टी लगी होती है जिसे 'गौली' कहते

हैं। यह चांदी या सोने की होती है। शिव के नीचे घुंघरु की तरह चांदी या सोने की चानणी लगी होती है। शिव के पर चुरु के काले बाल लगाए जाते हैं जिसे 'बांबल' कहते हैं। बांबल के ऊपर चमकदार कपड़े की झालरदार टोपी लगाई जाती है। शिव के ऊपर सोने या चांदी का छत्र लगाया जाता है। छत्र के बीच चांदी की बजूरी लगी होती है जिस पर छत्र लगा रहता है। इस प्रकार के रथों में सोने या चांदी के 8 या 10 मोहरे लगे होते हैं। मोहरों को सूत की डोरी से बांधा जाता है। जूडू के चारों ओर धड़ वाले भाग में घाघरा बांधा जाता है जिसे 'कांचुआ' भी कहते हैं। उसके ऊपर दो या ढाई मीटर के दुपट्टे पहने जाते हैं।

खड़े रथों में गुम्बद शैली के रथ भी काफी प्रचलित हैं। इस शैली के रथ वैसे तो छत्र शैली के ही समान हैं, परंतु जहां छत्र शैली में छत्रनुमा शिव होता है, यह वहां से छत्र तक गुम्बदाकार में बना होता है। गुम्बद के चारों ओर सोने या चांदी की पट्टी लगी होती है। पट्टी के नीचे से ऊपर सिरे तक रंगीन कपड़ा लपेटा होता है। इसके ऊपर आधा फुट के लगभग खुला कपड़ा सिरे पर बांधा होता है जो हवा में लहराता रहता है। मोहारों की संख्या 8 के लगभग होती है। इन रथों के चारों ओर कांचुआ पहनाया जाता है। इसके अतिरिक्त दुपट्टे, लूंगी, और कांचुआ को टिकाने के लिए जुडू से नीचे पट्टी लगी होती है। ऐसे रथ मण्डी जनपद में प्रचलित हैं। इसी तरह के मण्डी चौहार क्षेत्र के रथों में छत्र की जगह छोटे छोटे कपड़ों की पतली पट्टियां लगी होती है।

हिमाचल में देवीयों के ऐसे ढलवां शैली के बहुत से रथ हैं जो ऊपर से सिरे तक तिकोने आकार के हैं। धड़ तक रथ आयताकार में ही होता है। धड़ से ऊपर जहां से ढलान शुरु होती है, उसके अग्रभाग के दोनों कोनों से पर सिर तक आकार सिकुड़ता जाता है और सिरे तक तिरछा आकार बन जाता है। ऐसे रथों में सिरे पर केवल एक ही छत्र लगा होता है जबकि नीचे दो या तीन छत्र लगे होते हैं। मुख में सिरे के छत्र के नीचे एक मुख्य मोहरा लगा होता है, इसके नीचे दो तथा इसके नीचे तीन मोहरे लगे होते हैं। धड़ में जमाणों से ऊपर मोहरों के साथ चौक इत्यादि भी लगी होती है।

बहुत से देवताओं के रथ ढलवां या फेटी शैली में निर्मित हुए हैं।

देवी के ढलवां शैली के रथों की तरह ही इनका आकार प्रकार होता है। अंतर सिर्फ इतना है कि इनकी चौड़ाई ज़्यादा होती है। फेटी शैली के रथों में नागों, नारायणों, शिवजी, ब्रह्मा के रथ प्रमुख हैं। इनमें लगभग 10 से 12 मोहरे लगे होते है।

कुल्लू जनपद के देवाधिदेव रघुनाथ प्रतिवर्ष कुल्लू दशहरे में ढालपुर मैदान में रथयात्रा करते हैं। यही रथ मंदिरनुमा रथ शैली का रुप है। ऐसे रथ कुल्लू के ढालपुर मैदान, हरिपुर, तथा मणिकर्ण के रघुनाथ के मंदिरों के सामने स्थित हैं। कुल्लू का रथ लगभग 10 फुट के वर्गाकार में 8 फुट ऊंचा है। 8 फुट के ऊपर चारों कोनों में चौकोर ढलवां छत पर शीर्ष के साथ जुड़ती है। नीचे पायों के स्थान पर लकड़ी के बनाये हुए 12 पहिए होते हैं। यह रथ कंधों पर नहीं उठाये जाते अपितु बगड़घास के रस्सों से खींचे जाते हैं।

कुल्लू के ढालपुर के गौहरी देवता का एक छोटा सा फेटी शैली का रथ है। इसमें 11 मोहरे लगे हैं। इसको सिर पर ही उठाया जाता है।

देव मंदिर

हिंदु धर्म की मान्यता है कि मंदिरों में देवी देवता प्रत्यक्ष रूप में विद्यमान रहते हैं। हमारी समस्याओं का समाधान करते हैं। मन को कुमार्ग से हटाकर सन्मार्ग की ओर ले जाते हैं। मोह-ममता, तेरे-मेरे, अपने-पराये का भाव नष्ट करते हैं। मंदिर में जाकर एक अलौकिक शांतिका आभास होता है। महर्षि व्यास ने देवमंदिरों को भगवत लोक का अवतरण बताया है।

हिमाचल में मंदिर को देहुरा, डेहरा तथा रौथड़ कहते हैं। यहां ऐसे असंख्य मंदिर हैं, जो यहां के जनमानस की देवासक्ति का प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। यहां के सभी गांवों में किसी न किसी देवी या देवता का देवालय प्रतिष्ठित है। देवमंदिर ही एक ऐसा स्थल है जहां गांव का प्रत्येक व्यक्ति एकत्र होता है। अपने छोटे-मोटे मनमुटावों को भुलाकर श्रद्धानिमित देवकार्य में मिल-जुलकर शामिल होता है।

प्राय मंदिर का निर्माण गांव में उस स्थान पर किया जाता है, जहां सबके लिए जाना सुलभ हो। कभी-कभी तो मंदिर के लिए एक ऐसा स्थान

चुना जाता है, जहां वह सभी गांव वालों से सदा दृष्टिगोचर होता रहे। मंदिर का निर्माण या तो गांव के मध्य में या गांव के बाहर किसी ऊंची जगह पर किया जाता है। स्थल का चयन करते समय यह ख्याल रखा जाता है कि उसके आसपास शुद्धता का वातावरण रहे।

प्रायः मंदिर निर्माण का स्थल देवी-देवता स्वयं चयनित करते हैं। कभी-कभी देवता स्वप्न में या व्यक्ति के मुख से मंदिर बनाने के स्थल का निर्देश देता है। देवभार्थाओं में वर्णन मिलता है कि देवता चलते-चलते कहां-कहां रूका, अतः वहां-वहां लोग उसका मंदिर बनाते रहे हैं।

मंदिरों का निर्माण देवता की इच्छा से वास्तु शास्त्र को ध्यान में रखकर किया जाता है। मंदिरों की प्रमुख शैलियों में शिखर शैली के मंदिरों का निर्माण चौथी शताब्दी से 19वीं शताब्दी तक निरन्तर होता रहा है। यदाकदा अभी भी शिखर शैली के मंदिरों का निर्माण हो रहा है। शिखर शैली के मंदिरों में खालिस पत्थर की चिनाई होती है। कहीं-कहीं पत्थर की चिनाई में चूने का प्रयोग भी हुआ है। अधिकांशतः इन मंदिरों का निमार्ण समतल भूमि पर हुआ है। बजौरा का विश्वेश्वर महादेव का मंदिर, नग्गर का मुरली मनोहर का मंदिर, विष्णु मंदिर दुवाड़ा, रामचंद्र मंदिर मनिकर्ण,सूर्य मंदिर निथर, गौरी शंकर मंदिर दलाश, शिव मंदिर निर्मण्ड, वैजनाथ, लक्ष्मीनारायण मंदिर चम्बा,पंचवक्त्र व भूतनाथ मंदिर मण्डी आदि शिखर शैली के प्रमुख मंदिर हैं।

इन मंदिरों के गर्भगृह में देवता की मूल मूर्ति अवस्थित रहती है। द्वार के ऊपर श्रीगणेश तथा दायें-बायें गंगा-यमुना या द्वारपाल की मूर्तियां खुदी हुई होती हैं। मंदिर के शिखर पर आमलक दृष्टिगोचर होता है। मंदिर के शिखर की छत चारों दिशाओं में एक साथ आरम्भ होकर क्रमशः सिमटती हुई एक स्थान पर मिल जाती है। मंदिर के प्रत्येक पत्थर खूबसूरती से गढ़े हुए होते हैं। पत्थरों पर सुंदर नक्काशी में गान्धर्व, किन्नर, घुड़सवार, बंदूकधारी, पार्षद, गणपति, हनुमान आदि की मूर्तियां तो गढ़ी हुई होती हैं, साथ-साथ ब्रह्मा, विष्णु, महेश और इन्द्र आदि देवताओं की मूर्तियां भी गढ़ी हुई होती है।

प्रदेश के अधिकांश गांवों में जिस प्रकार के घर बने होते हैं,उसी तरह की शैली के देवमंदिर यहां अधिकांश बने हुए हैं। मंदिरों की इस शैली

को ढलवां छत या पहाड़ी शैली कहा जाता है। इस प्रकार के मंदिर एक मंज़िल से लेकर तीन मंज़िल तक बने होते हैं। एक मंज़िल वाले मंदिर वर्गाकार पत्थर निर्मित थड़े पर बने होते हैं। आधार के ऊपर चारों दीवारों में पत्थर की चिनाई काठकुणी विधि से की जाती है। मंदिर के बड़े कमरे के मध्य में गर्भगृह बना होता है। इसमें देवमूर्ति स्थापित होती है। इसमें पुजारी ही पूजा करते समय जा सकता है।देवरथ गर्भगृह के दायीं तरफ कमरे में रखा जाता है। इस कमरे में एक तरफ हवनकुण्ड भी स्थापित होता है। गर्भगृह के चारों ओर पथ परिक्रमा की जाती है।

जो मंदिर दो या तीन मंज़िलों के होते हैं, उनमें प्रथम मंज़िल में वाद्ययंत्र रखे जाते हैं। प्रथम मंज़िल में ही अन्दर कमरे से ही दूसरी मंज़िल को जाने के लिए सीढ़ी लगी होती है। दूसरी मंज़िल में देवता के अन्य सामान जैसे अनाज, कपड़े, मुखौटे इत्यादि रखे जाते हैं। जब कि तीसरी मंज़िल में देवरथ रखा जाता है।

इनकी छतें दोनों तरफ या चारों तरफ ढलानदार होती हैं। छत के शीर्ष पर एक लम्बी शहतीर लगाई जाती है जिसके ऊपर तीन छत्र लगे होते हैं। बीच का छत्र बड़ा होता है, जबकि किनारे वाले छत्र छोटे होते हैं। शिव मंदिरों में छत के साथ या इसके स्थान पर त्रिशूल भी लगाए जाते हैं। छत सलेट या लकड़ी की बनी होती है। इन मंदिरों के दायीं ओर ध्वज भी लगी रहती है। तीन मंज़िला मंदिरों में बीच में एक बालकनी भी होती है। यह बालकनी दीवारों के बाहर चारों ओर तीन-चार फुट चौड़ी परिक्रमा करने के लिए होती है। पहाड़ी शैली के मंदिरों में मुख्य द्वार में लकड़ी पर नक्काशी की हुई होती है। जिसमें गणेश, नाग, गंगा, यमुना, तथा द्वारपालों की आकृतियां उकेरी हुई होती हैं। मंदिरों की छतें दो तरफ को होती हैं।

पैगोडा शैली के मंदिर भी हिमाचल में काफी निर्मित हुए हैं। इनमें देवदार की लकड़ी का प्रयोग बहुतायत में हुआ है। इन मंदिरों के निर्माण में घड़े हुए पत्थरों और लकड़ी की शहतीरों का प्रयोग हुआ है। मंज़िल की चिनाई लकड़ी और पत्थर से हुई होती है। इनकी दीवार में दो लकड़ी की शहतीरों के बीच घड़े हुए पत्थरों को भरा जाता है। चारों कोनों पर काठकुणी का प्रयोग होता है जहां ये सारी शहतीरें लकड़ी की कील से बांधी जाती हैं। दीवार में समानांतर दोनों शहतीरों को जोड़ने में एक लकड़ी

जिसे मौकड़ी कहते हैं का प्रयोग होता है जिससे दोनों शहतीरें एक दूसरे से अलग नहीं होती, एक दूसरे से जुड़ी रहती हैं क्योंकि दो शहतीरें एक दूसरे से कुछ दूर होती हैं, इसलिए इन्हें जोड़ने के लिए कीलों का प्रयोग नहीं हो सकता। कहीं इन मंदिरों के आधार स्थल के मध्य से शीर्ष तक देवदार के एक पूरे पेड़ को खड़ा किया जाता है। इसके साथ लकड़ियों को चारों ओर से जोड़ा जाता है। प्रथम मंज़िल में चारों ओर बरामदा होता है जो परिक्रमा के काम आता है।

पैगोडा शैली के मंदिर तीन से पांच छत के होते है। प्रथम मंज़िल की छत चौडी़ होती है। दूसरी, तीसरी, चौथी व पांचवी छत का आकार क्रमशः कम होता जाता है। ये सभी छतें छतरी के आकार में होती हैं। कई मंदिरों की छतें चौकोर होती हैं। अंतिम छत जो शीर्ष पर होती हैं, प्रायः सभी मंदिरों में गोल होती हैं। प्रथम छत के आकार से अंतिम छत का आकार एक तिहाई होता है। उसके पर लकड़ी, तांबे, पीतल या चांदी का कलश लगा होता है और कलश के ऊपर पीतल या चांदी का छत्र भी लगा होता है। अधिकतर पैगोडा शैली के मंदिर 14वीं शताब्दी से 19वीं शताब्दी के मध्य निर्मित हुए हैं। कुछ विद्वानो का मत है कि यह शैली नेपाल से यहां आयतित हुई हैं।

कोट या कोठी शैली के मंदिर भंडार के रुप में प्रयुक्त होते रहे हैं। देवताओं का सारा सामान इन कोठियों में रख जाता है। देवमूर्तियां, रुपया, पैसा, कपड़ा, सोना, चांदी इत्यादि इन्हीं भण्डारों में रखे जाते हैं। कोट शैली के ये मंदिर पांच से पंद्रह मंज़िल तक ऊंचे होते हैं। इन मंदिरों का आधार वर्गाकार चौकोर होता है। प्रथम मंज़िल से लेकर अंतिम मंज़िल तक दीवारों की लम्बाई चौड़ाई समान होती है। दीवारों की चिनाई काठ कुणी तरीके से पत्थर और लकड़ी की शहतीरों से की जाती है। शहतीरों की मोटाई चार से छः इंच होती है। चारों दीवारों में दो दो शहतीरें लगाई जाती हैं। आमने-सामने की दीवारों की शहतीरें दायीं-बायीं दीवारों की शहतीरों के ऊपर रखी जाती है। यही क्रम लगातार छत तक चलता है। शहतीरों के बीच में 4 से 6 इंच की खाली जगह में घड़े हुए पत्थरों से चिनाई की जाती है। चारों किनारों पर एक दूसरी के पर लकड़ी ही दिखाई देती है। इसीलिए इसे काठकुणी की चिनाई कहा जाता है। पर की अंतिम मंज़िल

में दीवारों से बाहर 4 फुट चौड़ा बरामदा बना होता है, जिसमें परिक्रमा की जाती है। बरामदे में लकड़ियों के तखतों को छत तक खड़ा लगाया जाता है। बीच-बीच में झरोखे रखे जाते हैं ताकि चारों ओर दृष्टिपात किया जा सके। दीवारों में भी छोटे छोटे झरोखे रखे जाते हैं। राजाओं के समय ये कोट किले का काम भी करते थे। इनके अंदर राणा, ठाकुर लड़ाई के लिए अस्त्र-शस्त्र रखते थे।

बाद में इनमें देवी देवताओं की प्रतिमाएं भी रखी जाने लगी। कोट शैली के इन मंदिरों में मुख्य द्वार दो तरह से बने होते हैं। कुछ मंदिरों की प्रथम मंज़िल में मुख्य द्वार होता है और ऊपर तक चढ़ने के लिए अंदर से ही सीढ़ियां बनी होती हैं। कुछ मंदिरों के मुख्य द्वार ऊपर की मध्य मंज़िल में होते हैं इनमें पांचवी मंज़िल में द्वार बना होता है। यहां तक पहुंचने के लिए मंदिर के बाहर से दीवार के सहारे देवदार के पूरे पेड़ की सीढ़ियां बनाई होती हैं। इन मंदिरों की खासियत यह भी है कि इनके थड़े 8-10 मंज़िल तक तराशे हुए पत्थर की चिनाई से निर्मित होते हैं। इसके बाद ही वर्गाकार में कमरों की दीवारों की चिनाई की जाती है। जहां तक की मंज़िलें अंदर से भरी रहती हैं, बहां तक सीढ़ियां बाहर से होती है। जहां से कमरे की चिनाई शुरु होती हैं, वहां पर द्वार बनाकर अंदर से सीढ़ियां बनी होती हैं। कोट शैली के इन मंदिरों की छत सलेट या लकड़ी से ढकी हुई ढलवां होती है।

हिमाचल के समस्त गांवों में बसने वाले खानदान वालों के अपने-अपने कुल देवता होते हैं। इनके छोटे-छोटे मंदिर व देहरियां बनी होती हैं। ये देहरियां घर की छतों पर या घर के बाहर छोटे आकार में रखी पहाड़ी शैली में बने होते हैं। इनमें कुल देवता के निशान घण्टी-धड़छ इत्यादि रखे जाते हैं।

संदर्भ :

1 सोमसी, हिमाचली प्रदेश की गाथा गीतों की संगीतात्मक शैलियां, डॉ. इंद्राणी चक्रवर्ती सोमसी अंक 72-73-1994 पृष्ठ 12.

2 हिमाचल की देव संस्कृति, डॉ0 सूरत ठाकुर, एच.जी.पब्लिकेशन्ज़ मदनगिर विलेज नई दिल्ली, पृष्ठ 17,

द्वितीय अध्याय

लोक साहित्य

लोक साहित्य का लोक संस्कृति के संरक्षण में विशिष्ट योगदान रहता है। लोक साहित्य वास्तव में मौखिक कलाओं का साहित्य है, जो मुख द्वारा प्रवाहित रहता है। एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक इसका अनुश्रवण होता रहता है। हालांकि समय के साथ इसमें कुछ नया जुड़ता है और कुछ पीछे छूट जाता है। कालान्तर में इसके मूल स्वरूप का कोई पता नहीं रहता है कि यह कहां से प्रारम्भ हुआ था। अर्थात् इसका जनक कौन था। वैसे भी लोक साहित्य का जनक हमेशा अदृश्य रहता है। उसकी यह कृति जनमानस की सम्पति होती है, जिसे पूरा समाज स्वीकार करके अंगीकार कर लेता है।

लोक साहित्य नित्य के जीवन का प्रतिबिम्ब है। समष्टि म व्यष्टि की भांति भारतीय संस्कृति में लोक जीवन की व्याप्ति है। जन-जन के मन एवं आचरण में सन्निहित तत्वों से ही संस्कृति रूपी सुमन की पंखुड़ियों का निर्माण होता है और सम्पूर्ण लोक की सौंदर्यानुभुतियां उसमें सौरभ का संचार करती है। अनादि काल से, जब कि भाषा, लिपि, शिल्प और कलाओं का कोई शास्त्रीय रूप निर्धारित नहीं हुआ था, लोकजीवन से प्रादुर्भूत भावकणों से संस्कृति का स्वरूप संवारा जा रहा था और आज भी जब कि मानव की बुद्धि, प्रखरता और आडम्बरप्रियता की ओर अग्रसर है, संस्कृति की अक्षुण सरिता लोकवाणी के पथ पर सहस्रधा होकर प्रवाहित हो रही है। इस प्रकार लोकसाहित्य और लोकसंस्कृति में अभेदात्मक

सम्बन्ध है।[1] डॉ0 सत्येन्द्र के शब्दों में लोकसाहित्य जीवन के साथ बहने वाला साहित्य है, फलतः प्रभावशाली है। इस लोकसाहित्य ने वैदिक काल से आज तक साहित्य को प्रभावित किया है, सभी साहित्य लोक क्षेत्र में जन्म लेकर आगे बढ़ते हैं। लोक साहित्य के अधिकांश भाव वस्तु विषय में व्याप्त हैं। लोक साहित्य का सम्बन्ध लोक के सभी वर्गों से रहता है। पुरूष-स्त्रियां, बच्चे-बूढ़े, ये सब लोक साहित्य से सम्बद्ध होते हैं। लोरियां गाकर शिशुओं को सुलाना एवं मनोरंजक तुकबंदियों द्वारा बच्चे को दूध पीने के लिए राजी करना, ये सब लोक साहित्य की जीवन्त तस्वीर है। बच्चा ज्यों-ज्यों बड़ा होता है, बचपन में सुने हुए अनेक गीतों और कविताओं को स्मरण कर लेता है। लोक साहित्य का लचीलापन उसके विषयों को समकालीन सामाजिक यथार्थ से जोड़े रखता है।

लोक साहित्य में लोक कथायें, गीत, कहावतें, पहेलियां, गाथायें, वार्तायें, तथा नाटक इत्यादि शामिल रहते हैं, जो पीढ़ी दर पीढ़ी निरन्तर प्रवाहमान रहते हैं। लोक साहित्य किसी विशेष स्थान में रहने वाले या वर्ग विशेष लोगों के जीवन, रहन-सहन, आचार-विचार, संस्कृति, सभ्यता, खान-पान एवं वस्त्राभूषण के विषय में लिखा होता है। यह ग्रामीण अथवा आदिवासी जीवन की सभ्यता से जुड़ा होता है। जिस प्रकार सागर का गर्भ अमूल्य निधियों का खज़ाना है, उसी प्रकार लोक साहित्य में समाज की पारम्परिक सभ्यता व ज्ञान के प्रत्येक पहलू देखे जा सकते हैं। लोक साहित्य हमारे जीवन का समुद्र है जिसमें सर्वकालिक एवं परिष्कृत ज्ञान का भंडार संचित रहता है। लोक साहित्य श्रुति परम्परा पर आधारित है, जिसका जगत के प्रस्फुटन से ही जन्म हुआ है।

परंपरा को सुरक्षित रखना आवश्यक है। हां, पुराने रूपों में नया जीवन भरा जा सकता है। पुराने और नये के सान्निध्य से लोक साहित्य के विभिन्न अवयवों के माध्यम से वर्तमान जीवन की भयंकर समस्याओं को हल करने का प्रयत्न किया जा सकता है।

अध्ययन की सुविधा के लिए विद्वानों ने लोक साहित्य को प्रमुखतः पांच भागों में बांटा हैः- लोक गीत, लोक नाटक, कहावत-मुहावरे या पहेली, लोक कथा, लोकगाथा।

लोक गीत

लोक में प्रचलित, लोक द्वारा रचित, एवं लोक के लिए लिखे गये गीतों को लोकगीत कहा जाता है। इसका रचनाकार गीत को रचित करके उसे समाज को रक्षित करने के लिए देता है। समाज उसे आत्मसात करके प्रचार में लाता है। प्राकृतिक संगीत ही लोकगीतों की परिभाषा है। मानव जब असभ्य था, तब वह अपने उद्गारों को प्रकट करने के लिए वाणी द्वारा कुछ अस्पष्ट शब्दों का उच्चारण करता था। उस समय वही वाणी उसकी कविता और वही अस्पष्ट शब्द ध्वनियुक्त स्फुरण उसका गीत होता था। लोकगीत आदि मानव का उल्लासमय संगीत कहा जा सकता है। डॉ. सदाशिव फड़के के अनुसार शास्त्रीय नियमों की परवाह न करके सामान्य लोकव्यवहार के उपयोग में लाने के लिए मानव अपने आनंद की तरंग में जो छन्दोबद्ध वाणी सहज उद्भूत करता है, वही लोकगीत है। मानव जीवन की, उनके उल्लास की, उसकी उमंगों की, उसकी करूणा की, उसके समस्त सुख-दुख की कहानी जिसमें व्यक्त होती है, वे लोकगीत कहे जा सकते हैं। लोकगीत अज्ञात व्यक्तियों द्वारा की हुई साधारण लोक के सहज एवं सरल मनोभावों तथा विचारों की साधारण संगीतात्मक अभिव्यक्ति है। लोकगीतों की रचना नितांत स्वांतः सुखाय होती है। भावावेश में जो शब्द मुंह से निकला, वही गीत बन गया। वास्तव में मानव की सहज, स्वाभाविक एवं प्राकृतिक अभिव्यक्ति, जिसमें लोकमानस का समस्त जीवन सामूहिक सुख-दुख, जय- पराजय, ऊंच-नीच, प्रत्येक क्षणों में प्रकृति के साथ मनुष्य के पारस्परिक सम्बन्धों की लयात्मक अभिव्यक्ति लोकगीत कही जा सकती है।

लोक गीत का समस्त महत्व उनके काव्य सौंदर्य तक ही सीमित नहीं रहता, अपितु लोकगीतों के संसार को महाकवियों की रचनाओं से भी श्रेष्ठ कहा गया है। देवेंन्द्र सत्यार्थी ने कहा है कि भारतवर्ष का कोई भी चित्र भारतीय प्रथाओं, रीति-रिवाज़ों और हमारे आंतरिक जीवन की मनोवैज्ञानिक गहराई को इतने स्पष्ट तथा सशक्त ढंग से व्यक्त नहीं कर सकता जितना कि लोक गीत कर सकते हैं। उन्होंने कहा है कि कहां से

उगते हैं ये लोकगीत? स्मरण-विस्मरण की आंख-मिचौनी से, कुछ अट्टहास से, कुछ उदास हृदय से, या जीवन के खेत से। कल्पना भी अपना काम करती है, रागवृत्ति भी, भावना भी और नृत्य का हिलोरा भी। प्रकृति, त्योहार, संस्कार, रहन-सहन, घटनायें, दुर्घटनायें, ऋतु आदि लोक गीत के सृजन में अहम् किरदार निभाते हैं।

लोक नाटक

मानव प्रायः किसी ऐसे भाव की खोज में रहता है जिससे उसे शांति मिले, प्रसन्नता मिले, संसार की वास्तविकता का ज्ञान हो, झूठे आडम्बरों और छलकपट का जहां पर्दाफाश किया गया हो, शायद इसी अन्वेषण का फल रहा होगा लोक मंच या लोकनाटक। नाट्य शब्द का कोशगत अर्थ है, अभिनय, नृत्यकला, संगीत कला, वेशभूषा तथा अभिनेता। अभिनय वस्तु वाच्य है, जो भी शास्त्र धर्म या शिल्प अथवा क्रिया लोकधर्म को लेकर प्रवृत होती है, वह नाटय है।

महर्षि भरत का नाट्यशास्त्र नाट्य पर लिखा प्रथम प्रामाणिक ग्रंथ है। नाट्य शास्त्र के वर्णनानुसार इन्द्रादि देवताओं ने देखा कि जिन लोगों को वेदों में अधिकार नहीं है या जो वेदार्थ के अवधारण में असमर्थ हैं, उनके लिए भी मनोरन्जन का कोई साधन आवश्यक है। अतः इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु बह्मा से प्रार्थना करने पर बह्मा ने चारों वेदों में से एक-एक तत्व अर्थात् ऋग्वेद से कथावस्तु, सामवेद से संगीत, यजुर्वेद से अभिनय, और अथर्ववेद से रसों को ग्रहण करके पंचम वेद नाट्य वेद की संरचना की।

लोक नाटक का सम्बन्ध सर्वसाधारण के जीवन से है, इसके साथ-साथ विशिष्ट व शिक्षित समाज का मनोरन्जन करना भी रहा है। लोकनाट्यों का उद्देश्य मनोरंजन के साथ-साथ शिक्षा तथा समाज में व्याप्त कुरीतियों पर व्यंग्य कसना भी होता है। इनमें स्थानीय बोली का वर्चस्व रहता है। सामाजिक बुराइयों पर व्यंग्य कसना, अत्याचार से पीड़ित

समाज को मुक्त करना भी इसका उद्देश्य रहा है।

मुहावरे, लोकोक्ति व पहेलियां

किसी भी भाषा में लोक मुहावरों, लोकोक्तियों या पहेलियों से लालित्य, चमत्कार व प्रौढ़ता आती है। कोई भी वाक्यांश जिसका सामान्य शब्दार्थ से लेकर कोई विलक्षण अर्थ लिया जाये, मुहावरा कहलाता है। मुहावरे स्वतंत्र रूप से व्यवत नहीं होते। मुहावरों की तरह लोकोक्तियों का भी प्रायः वाच्यार्थ ग्रहण नहीं किया जाता, अपितु उससे मिलता जुलता अर्थ लिया जाता है। लोकोक्तियां वाक्य होती हैं और स्वतंत्र रूप से अपना अर्थ रखती हैं। अपने कथन को पुष्ट या सबल करने के लिए या किसी बात को साफ-साफ शब्दों में न कह कर व्यंग्य से कहने के लिए लोकोक्तियों अर्थात् कहावतों का प्रयोग किया जाता है। इसी तरह बुझारतें अथवा पहेलियां भी लोक साहित्य का अभिन्न अंग होती हैं। इनको बूझने के लिए दिमाग को कसरत करनी पड़ती है। प्रायः पहेलियां उस समाज में देखी, सुनी तथा व्यवहार में आई वस्तुओं को केन्द्र में रख कर ही बुनी जाती हैं।

लोक कथा

लोक कथा में एक इतिहास छुपा रहता है। इसका इतिहास भी उतना ही पुराना है जितना सभ्यता एवं संस्कृति का। मानव जीवन में घटित घटनाओं से मनुष्य जो कुछ सीखता है, उनकी अभिव्यक्ति ही लोककथाओं में मिलती है। इनमें घटने वाली घटना का जिक्र रहता है। यद्यपि लोककथा में कथावस्तु की स्थापना क्षेत्र विशेष से सम्बन्धित तथा कौतूहल व जिज्ञासा के आधार पर होती है, परन्तु इसमें उपदेशात्मक संदेश भी निहित होता है। इस में कल्पना की उड़ान के साथ-साथ स्थानीय पात्रों के माध्यम से रोमांचकारी रहस्य भी विद्यमान रहता है। गांवों में दादी, नानी अथवा बड़े बजुर्गो के पास लोक कथाओं का असीमित भण्डार रहता है। लोक कथा जितनी मनोरन्जक होगी उसका विस्तार ॰ी उसी गति से होगा। लोक कथा के पात्र प्रायः उसी समाज में प्रचलित व दीखे हुए होते हैं।

लोक गाथा

गाथा शब्द बैलेड का पर्याय माना जाता है। लोक गाथा लोक और गाथा का योग है। यह शब्द एंग्लो सैक्शन के फोल्क शब्द से बना है। अंग्रेज़ी शब्द कोशकारों ने लोक गाथा या बैलेड को अनजान लोगों की व्याख्यात्मक कविता कहा है, जो मौखिक परम्परा से प्रवाहित होती है और उसमें किसी प्रकार की बौद्धिकता दृष्टिगोचर नहीं होती। रावर्ट ग्रेब्स ने लिखा है कि बैलेड का सम्बन्ध बैले सै है, जिसमें संगीत और नृत्य की प्रधानता रहती है। लोक गाथाओं में लोक कथाओं का गीतात्मक कथानक रहता है। हडसन ने इसे विषय प्रधान कविता कहा है, जिसमें उद्गम का संकेत नहीं मिलता। इसके अतिरिक्त इन्हें गीतात्मक कथा, प्रबन्धात्मक कथा, अमूर्त पदार्थ, लोक गीतों का एक रूप भी माना गया है। सामान्यतः लोक गाथा की उत्पति किसी प्रेरक, वस्तुगत या जीवन क्रम की अन्य घटनाओं से होती है। किसी घटना और उसके प्रमुख पात्रों के जीवन की समस्यायें, भाव और कार्य क्षमता का उल्लेख ही लोक गाथा के स्वरूप को संवारने में सहायक होता है। जो बढ़ते-बढ़ते एक रूचिपूर्ण आकर्षक लोक गाथा का रूप धारण कर लेती है।

हमारी संस्कृति को आज तक संजोये रखना लोक गाथाओं पर आधारित है, क्योंकि किसी भी जनपद की संस्कृति के सम्बन्ध में पूर्ण जानकारी हमें किसी न किसी लोक गाथा के माध्यम से ही उपलब्ध होती है। अतः यह मान लेना कोई अतिश्योक्ति न होगी कि संस्कृति का मूलाधार लोक गाथा है, जिसके माध्यम से आम लोग पारम्परिक तथा पुरातन संस्कृति को आज तक संजोये हुए हैं।

गेय छन्दों में लिखी गई कथावस्तु का विशेष तात्पर्य गाथाओं से है। गाथायें सामान्यतः एक ही लय ताल पर गाई जाती हैं। पुरातन संस्कृति में और पूर्ण इतिहास के आधार पर निरक्षर समाज में धार्मिक आस्था और परम्परागत परिपाटी को वंशानुगत कायम रखने हेतु रामायण, महाभारत, एवं अन्य पौराणिक लोक गाथाएं अधिकतर गीत रूप में स्मरण रखी जाती हैं और आज भी समाज इनको आदर से सुनता है। गाथा को गीतपरक

कथा भी कहा जा सकता है, जिसमें किसी घटना से सम्बन्धित गीत को गाथा के रूप में गाया जाये। इन्हें इनमें सामाजिक और राजनैतिक घटनाओं के साथ-साथ वस्तु विशेष या व्यक्ति विशेष की स्तुति, निन्दा, भावनात्मक तथा संदेहास्पद अवधारणा, वीरता, कायरता इत्यादि की विशेषता का चिंत्रांकन गेय रूप में रहता है।[3]

लोक गाथा में सरल और सहज भाव रहता है। वह अपने ज़माने की मानवीय घटनायें अंकित करने वाला सरस साहित्य होता है। गाथा के क्षेत्र मूलतः देहात होते हैं, जहां के सांस्कृतिक जीवन की उसमें गहरी छाप होती है। इनके लोकप्रिय होने का मुख्य कारण यह भी होता है कि इनमें जनजीवन की अभिव्यक्ति मुखर होती है। इसके पात्रों की कार्यपद्धति समाज में प्रचलित मान्यताओं का प्रतिनिधित्व करती है। समाज की कुरीतियों के खिलाफ पात्रों के माध्यम से आवाज़ बुलन्द करना लोक गाथा की आवश्यकता होती है। प्रेम, वात्सल्य, वीरता, बलिदान और संघर्ष मनुष्य जाति की सर्वमान्य भावनाएं हैं, लेकिन जिस विशेष रूप से लोक गाथा के पात्रों के माध्यम से भावनाओं का चित्र प्रस्तुत किया जाता है, उससे यह भावनाएं वास्तविक जीवन के बहुत करीब होती हैं।

प्रायः लोक गाथाओं का संप्रसारण मौखिक ही होता है। एक गाथा थोड़े बहुत परिवर्तन के साथ युगों तक चलती रहती है। प्रत्येक नया गायक अपने समय के अनुसार नवीन विचार या कथानक गाथा में मिला लेता है, फलतः गाथा का रूप बदल जाता है और मूल रचयिता भी तिरोहित हो जाता है, इस प्रकार लोक गाथा के मूल रचयिता का नाम मिट जाता है और लोक गाथा लोक रूचि के अनुसार नूतन गायकों के योग से अपना क्लेवर पुष्ट करती हुई प्रवाहित होती है। लोक गाथाएं पूर्व परिकल्पना रहित मौखिक परम्परा से संगीतबद्व रहती हैं। इनकी ऐतिहासिकता संदिग्ध रहती है। सुदीर्घ कथानक में प्रचलित जनभाषा का प्रयोग होता है, जिसके शब्द कालान्तर में समझ भी नहीं आते। इनमें प्रायः उपदेशात्मक प्रवृति का अभाव रहता है। हालांकि इनमें मानवीय मूल्यों की प्रधानता रहती है।

लोक गाथा में सामाजिक चित्रण रहता है। इनकी रचना किसी विशेष घटनाओं से होतीं है, किंतु पद्य में कभी व्यंग्यात्मक, कभी श्लेषात्मक पद अवश्य रहते हैं। घटित घटनाओं की प्रधानता गाथाओं का प्रमुख विषय

रहता है। प्रेम प्रसंग भी इनके प्रिय विषय रहते हैं। इसके अतिरिकत वीरता, साहस, चमत्कार तथा पौराणिक संदर्भों का समावेश भी देखने को मिलता है।

हिमाचल में पंवाड़ा, वार, भोज, एंचली, मुसाहदे, कारवां, भार्था आदि का प्रयोग लोक गाथाओं के लिए हुआ है। वास्तव में यह लोकजीवन सम्बंधी कथात्मक गीतों के लिए भी रूढ़ हो गया है। यहां श्रीराम, श्रीकृष्ण, भर्तृहरि, शिव-पार्वती, गुगा जाहरपीर, ऋषि, मुनि, नाग, शक्ति, वीर, योगिनी एवं लोक देवताओं की गाथायें प्रचुर मात्रा में मिलती हैं। राजाओं की वीरता तथा योद्धाओं की शौर्य गाथायें भी प्रचलित हैं।

संदर्भ :

1 लोकसाहित्य, स्वरूप एवं सर्वेक्षण, डॉ जवाहारलाल हाण्डु, पृष्ठ 14-15

2 सोमसी, हिमाचली प्रदेश गाथा गीतों की संगीतात्मक शैलियां, डॉ0 इंद्राणी चक्रवर्ती, अंक 72-73-1994 पृष्ठ11.

3 हिमाचल की देव संस्कृति, डॉ सूरत ठाकुर, एच.जी.पब्लिकेशन्ज़, मदनगिर विलेज नई दिल्ली।

तृतीय अध्याय

देव भार्था

भार्था हिन्दी के वार्ता शब्द का अपभ्रंश है। वार्ता का अर्थ है बातचीत करना। इसी प्रकार भार्था का मतलब देवताओं की बातचीत तथा इतिहास से लिया जा सकता है। देवताओं के इस क्षेत्र में आने तथा उनके द्वारा दिखाये चमत्कार का विस्तृत वर्णन देवभार्थाओं में रहता है। एक तरह से ये देवताओं का स्तुति गान है। इन्हें देव गाथा कहने में भी कोई हिचक नहीं होनी चाहिए। जो अवयव देव गाथाओं में होते हैं, वही देव भार्थाओं में भी होते हैं। फर्क सिर्फ इतना है कि गाथाओं में समग्र समाज की घटनाओं का वर्णन रहता है, जबकि देव भार्थाओं में केवल देवी-देवताओं के आगमन, स्थापना, आधिपत्य, जय-पराजय, चमत्कार, विश्वास और यात्रा का उल्लेख रहता है।

हिमाचल के सभी देवी देवताओं की अपनी-अपनी कथा होती है। इन कथाओं में से जो कथायें गेय रूप में सुनाई जाती हैं, उन्हें देवभार्था कहा जाता है। देव भार्थाओं का प्रचलन शिमला, कुल्लू, मण्डी, चम्बा, किन्नौर, लाहुल-स्पिति में है। इन्हें प्रायः गूर चेला विधि विधान के अनुसार सुनाता है। इनमें देवता के आगमन का पूरा विवरण रहता है। वे कहां से चले? किस-किस से भेंट हुई? किस-किस के साथ संघर्ष हुआ? क्या-क्या चमत्कार दिखाये और किन-किन दैत्यों अथवा वहां के शासकों को जुआ-पासा अथवा अपने बाहुवल या योगबल से परास्त करके वहां अपना शासन स्थापित किया। तत्पश्चात् वहां की प्रजा की किस प्रकार भलाई की और फिर किस प्रकार पूजित हुए, इन सब का पूरा विवरण देवभार्थाओं में रहता है।

देव भार्थाओं में देवताओं का इतिहास, अध्यात्म, राजनीति, सामाजिक एवं सांस्कृतिक स्थिति, चमत्कार, तप, बल आदि का समावेश देखने को मिलता है। इन भार्थाओं में देवी देवताओं के जन्म, विकास और प्रसार का महत्वपूर्ण वृतांत छिपा होता है। इन्हें बखाण, गरणी, गूण,

चिरानिंड. भी कहते हैं। भार्था में देवी-देवताओं के इस भूभाग पर प्रकट होने, स्थापित होने, रहने तथा विशेष क्षेत्रों में रहने का विवरण रहता है।

गूर की भूमिका

जिसके मुख से देवता अपनी बात प्रजा तक पहुंचाता है, उसे गूर कहते हैं। यह देवता का प्रवक्ता होता है। गूर का चयन देवता स्वयं करता है। गूर जीवनपर्यन्त इस ज़िम्मेवारी को सम्भालता है। यदि कोई गूर देव नियमों का पालन नहीं करता तो देवता उसे इस दायित्व से मुक्त भी करता है जिसे 'गूर ढेलना' कहा जाता है। कई देवताओं के एक से अधिक गूर भी होते हैं। जिसमें सबसे वरिष्ठ गूर को 'मलेघा' गूर कहा जाता है। जिन देवताओं के एक ही गूर होता है, वहां उसके मरने के बाद ही दूसरे गूर का चयन होता है।

गूर चयनित होने के बाद उस व्यक्ति को बहुत सी वर्जनाओं का ख्याल रखना पड़ता है। वह अपने बाल नहीं काटता, हर कहीं भोजन नहीं कर सकता। धूम्रपान तथा मद्य का प्रयोग बर्जित होता है। गूर को देवपर्वों, देवकार्यों तथा त्यौहारों इत्यादि में देवता के साथ ही रहना पड़ता है। देवता उसके माध्यम से लोगों की सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान करने की कोशिश करते हैं। देवता के जन्मदिन या वार्षिक उत्सवों पर वह देवता की भार्था सुनाता है। गूर को अधिकांश समय लोगों की समस्याओं को निपटाने में ही गुज़ारना पड़ता है। इसलिए उसकी आजीविका चलाने के लिए देवता के आदेश से हार के सभी परिवारों द्वारा उसे रबी तथा खरीफ की फसलों पर कर उगाहने का अधिकार दिया गया है। इसके अतिरिक्त देवता के खज़ाने से भी कुछ धनराशि उसे दी जाती है।

भार्था का स्थान एवं समय

भार्था को सुनाने के लिए जगती का प्रमुख स्थान रहता है। जगती वह पवित्र स्थान है, जहां पर बैठ कर देवता समस्त संसार के हित के लिए चिन्तन करता है। कुल्लू के नग्गर गांव में एक बड़ा पत्थर है जो 5 इंच मोटा, 6 फुट चौड़ा तथा 8 फुट लम्बा है, को ठारह करडू देवताओं ने मनाली

के सामने बाहंग के ऊपर भृगुतुंग पहाड़ी के एक छोटे से भाग ग्राम ढौग से मधुमक्खियों का रूप धारण करके यहां लाकर स्थापित किया है। इसे समस्त देवी-देवताओं का सिंहासन माना जाता है। स्व. लाल चंद प्रार्थी ने अपनी पुस्तक कुलूत देश की कहानी में लिखा है कि जब कभी देश पर बड़ी विपत्ति आने की संभावना होती है, तो यहां कुल्लू भर के देवता इकट्ठे होते हैं और जगत के कल्याण के लिए विचार विमर्श करते हैं, जिसे जगती पूछ कहते हैं। प्राकृतिक आपदाओं, अतिवृष्टि, अनावृष्टि, अकाल, भुखमरी आदि में सभी देवी-देवताओं के प्रतिनिधि गूर, पुजारी आदि रघुनाथ के मुख्य सेवक के आमंत्रण पर अपने-अपने देवताओं के घण्टी-धड़छ लेकर इस पवित्र स्थान पर इकट्ठा होते हैं। इस सभा का आयोजन कुल्लू राजपरिवार का प्रमुख ठारह करडुओं के आदेशानुसार करता है। जगती पूछ आरम्भ करते हुए प्रारम्भ में राज परिवार के प्रमुख द्वारा ठारह करडू का धड़छ जलाकर सभी देवी-देवताओं का आह्वान करने के साथ ही आगे की कार्यवाही चलती है। इसी तरह सभी देवताओं के अपने मंदिर के सामने सौह में जगती स्थल बने होते हैं, जहां बैठकर देवता के गूर अपनी भार्था सुनाते हैं।

देवता का प्रमुख अनुष्ठान जगती पूछ होता है। यह प्रक्रिया देवमंदिर के सामने प्रांगण में पूरी की जाती है। प्रांगण में लगभग 3 फुट चौड़ा तथा 6 फुट लम्बा चबूतरा बना होता है, जिसे थौल़ कहते हैं। देवता इस पर बैठता है। उसके सामने पटड़ी जो लकड़ी का फट्टा या चौकोर पत्थर होता है, पर बैठकर गूर लोगों की समस्याओं का निराकरण करता है।

जब देवता का जन्मदिन होता है, देवता स्वर्ग या इन्द्रलोक से फागुन या चैत्र की सक्रांति को वापिस लौटता है, काहिके का उत्सव होता है, वर्षोआ होता है, श्रावण भादों के मेले होते हैं, यात्रा से देवरथ लौटकर आता है। तब-तब गूर जगती पर बैठकर अपना इतिहास सुनाता है और प्रजा की सुख-समृद्धि के उपाय सुझाता है तथा घरेलू और नीजि समस्याओं का समाधान करता है।

हिमाचल के समस्त देवी-देवता माघ मास की सक्रांति को राजा इन्द्र की सभा में चाकरी हेतु जाते हैं तथा फागुन की सक्रांति को नई शक्ति

एवं उर्जा लेकर वापिस लौट आते हैं। माघ की सक्रांति की सुबह देवता घृतमा लगाते हैं। घृतमा का अर्थ होता है 'पाटे पड़ना', अर्थात् इस दिन देवता के रथ के ऊपर घूंड डाला जाता है। इसके बाद देवता के इन्द्रपुरी से आने तक देवरथ को इसी तरह घूंड में ही रखा जाता है। इस दिन सभी हारियान देव मंदिर में इकट्ठे होते हैं। देवता का गूर जगती पर बैठता है। जगती पर बैठकर सभी लोगों की समस्याओं का समाधान करता है। साथ ही लोगों को इसके वापिस आने तक प्रेम प्यार से रहने की हिदायत देता है। तत्पश्चात् लोग नम आंखों से देवता को विदाई देते हैं और कामना करते हैं कि देवता की यात्रा सफल होगी तथा वह इनके लिए सुख-समृद्धि लाएंगे।

एक मास तक इन्द्र के दरबार में रहने के बाद सभी देवता वापिस लौट आते हैं। माना जाता है कि वहां सभी देवताओं में आपस में शास्त्रार्थ होता है। जिसमें जो देवता जीतता है, वह अपने साथ अपनी प्रजा के लिए सुख-समृद्धि लेकर आता है। जो देवता वहां हार जाता है, उसके प्रजा क्षेत्र में प्राकृतिक विनाश का प्रकोप रहता है। यह भी माना जाता है कि फागुन की सक्रांति को देवता नये अवतार में अपनी प्रजा के बीच उपस्थित होता है। इसलिए वह उस दिन आकर अपने प्रकट होने तथा अपनी इन्द्र सभा में होने वाले घटनाक्रम का वर्णन देव भार्थाओं के रुप में लोगों को सुनाता है। भार्था गूर द्वारा गाकर सुनाई जाती है। भार्थाएं फागुन की सक्रांति के अतिरिक्त उसके जन्म दिन अर्थात् उक्त गांव में प्रकट और स्थापित होने के मौके पर भी सुनाई जाती है।

हिमाचल की कुल्लू घाटी के विभिन्न गांवों में फागुन की सक्रांति से मासान्त तक फागली का उत्सव होता है। फागली मलाणा, कायस, जाणा, नगर, हलाण आदि गांवों में मनाई जाती है। मलाणा फागली से पन्द्रह दिन पूर्व देवमंदिर में जौ के जौरे उगाये जाते हैं, जो फागली वाले दिन फूल के स्थान पर पूजा में प्रयोग किए जाते हैं। फागली वाले दिन देवताओं के रथ मंदिर में सजाकर देवप्रांगण में लाये जाते हैं। फिर मूल स्थान पर जाकर एक बलि दी जाती है। मूल स्थान को मौढ़ भी कहते हैं। इस अवसर पर देवता को सूर पिलाई जाती है। देवता के कार्यकर्ता जिन्हें वारी कहते हैं, भात व सूर का सेवन करते हैं। रात को कारदार व कुछ सदस्य मंदिर

में देवस्तुति के गीत भी गाते है। शाम को देवता के भण्डार से सारे निशान निकाल कर देवप्रांगण में लाये जाते हैं।

किन्नौर के देवता माघ की सक्रांति को स्वर्ग लोक को जाते हैं। 15 माघ को वहां से वापिस लौटने से पहले प्रातः देवता की मूर्तियों को पानी से धोया जाता है। रथ को रंगबिरंगे वस्त्रों से श्रृंगारित किया जाता है। देवधुनों के साथ रथ को मंदिर से बाहर लाकर सथड. में चारों दिशाओं में घुमाया जाता है। इस अवसर पर गूर से पूछ डाली जाती है। गूर के माध्यम से देवता अपने स्वर्ग गमन एवं वहां पर हुई गतिविधियों, स्वयं की भूमिका और अपने साथ लाई उपलब्धियों तथा आने-जाने की पूरी गाथा सुनाता है। फिर इन्द्र दरबार में हुई फसलों व अन्य वस्तुओं के विभाजन की घोषणा करता है। यह भी घोषणा करता है कि इस वर्ष कौन सी वस्तु मंहगी होगी और कौन सी सस्ती। इसके साथ ही हारी-बिमारी के बारे में भी बताता है। लोगों को आने वाली प्राकृतिक आपदाओं तथा विपति से बचने के उपाय भी सुझाता है।

चम्बा कांगड़ा में किसी भी देवगाथा को गाने से पूर्व ढोलरू गायन की परम्परा विद्यमान है। ढोलरू गायन का आरम्भ चैत्र मास की सक्रांति को शुरू होता है। सबसे पहले भगवान विष्णु को नये साल की बधाई ढोलरू गायन के द्वारा दी जाती है। चैत्र मास की सक्रांति को प्रातः ढोलरू गायक विष्णु भगवान के मंदिर में जाते हैं। पुजारी उन ढोलरू ग।ने वाले कलाकारों को आदर के साथ आसन विछाकर बिठाता है। पूजा व भेंट के लिए माश की दाल, मक्की, गुड़, घी, रोलियां, टिक्का, कच्चा लाल धागा, नये कपड़े आदि सामग्री देता है। सबसे पहले धूप जलाकर ढोल को टीका लगाया जाता है, तत्पश्चात् नया कपड़ा ढोल पर चढ़ाकर मौली धागे से ढोल को बीच से बांध दिया जाता है, फिर कलाकारों को टीका लगाकर उन्हें नये वस्त्र दिये जाते हैं। उनके बायें हाथ में मौली बांध ली जाती है। उनके आगे श्रद्धानुसार माश आदि दालें व रूपये रखे जाते हैं। इसके बाद गायक भगवान विष्णु का मन में स्मरण करके ढोलरू गीत का गायन आरम्भ करते हैं। चम्बा की सूही रानी की कथा को कुल्ह ढोलरू कहा जाता है। यह गाथा महासा समुदाय के लोग गाते हैं।

स्वर

देव भार्थाएं गूर द्वारा गाकर सुनाई जाती हैं। इनमें षड़ज, मध्यम तथा पंचम स्वरों की बहुलता रहती है। प्रायः चार या पांच स्वरों में ही भार्था कर गायन होता है। हिमाचली लोक संगीत में मध्यम स्वर का विशेष महत्व है, क्योंकि यहां के गीत में मध्यम स्वर को आधार मानकर गाये जाते हैं। ये भार्थाएं निबद्ध और अनिबद्ध दोनों रूपों में गाई जाती हैं। स्वरों का लगाव सरल, सपाट, व गमकयुक्त होता है। कई बार तो इनका साम्मन्जस्य ध्रुपद गायन के पूर्व आलाप चारी करने जैसा होता है। कण मींड आदि का इनमें स्वतः प्रयोग होता है। अधिकतर भार्थाएं स प स स्वरों में ही गाई जाती हैं। भार्थाओं के सुनाने के बीच में वाद्ययंत्रों पर एक विशेष ताल भी बजती रहती है। श्रद्धालु उस समय केर सत बचन महाराज कहते रहते हैं, ताकि देवता को लगे कि उसकी भार्था तन्मयता से सुनी जा रही है।

लोकवाद्यों की भूमिका

समाज की संस्कृति प्रायः उस समाज की लोककला के माध्यम से प्रकट होती है। लोक कला में भी संगीत कला ने समाज में मानवीय संवेदनाओं को जिस सशक्त तरीके से उभारने का कार्य किया है, शायद ही किसी और पहलुओं से न हुआ हो। संगीत के विशेष उपकरण वाद्ययंत्रों का सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों के अंतर्गत धार्मिक, सामाजिक व आर्थिक जीवन से निकट का सम्बंध रहा है। प्राचीन काल से ही संगीत वाद्यों का न केवल संगीत के कलात्मक रुप से ही लगाव रहा है, अपितु उनका अभिव्यंजनात्मक एवं प्रतीकात्मक रुप जीवन के प्रत्येक पहलू को स्पर्श करता दिखाई देता है। वास्तव में वाद्य भारतीय संगीत एवं संस्कृति के अभिन्न अंग बन गए हैं। जाने अनजाने वाद्यों ने वह महत्व प्राप्त कर लिया है, जिसके कारण संगीत किसी सीमा तक वाद्यों पर आधारित है। अपितु हमारी संस्कृति भी संगीत वाद्यों को अलग कर जीवित नही रह सकती। वाद्य चाहे जिस भी क्षेत्र का हो, वह उस क्षेत्र की संस्कृति तथा सभ्यता पर सीधा प्रकाश डालता है।

हिमाचल के लोकवाद्य यहां के जनजीवन में इस प्रकार आत्मसात हो गए हैं जैसे जल और दूध का सम्बन्ध। यहां प्रत्येक अवसरों पर लोकवाद्य महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आनंद और उत्साह में नृत्यों का संचालन लोकवाद्य ही करते आए हैं। यहां का जनजीवन पूरी तरह देवी-देवताओं के इर्द-गिर्द घूमता है और देवी-देवताओं की प्रत्येक गतिविधि में लोकवाद्यों की महती भूमिका होती है। इनका कोई भी उत्सव या अनुष्ठान लोकवाद्यों के बिना पूरा नहीं होता। चाहे पूजा करनी हो, मेला त्यौहार मनाना हो या गृह प्रतिष्ठा करनी हो, इन सब में वाद्यों का बजना अनिवार्य होता है। देवी-देवताओं के रथ एक कदम भी लोकवाद्यों की थाप तथा सुरों के बिना आगे नहीं बढ़ते। देवी देवताओं के प्रत्येक क्रिया कलापों जैसे देउली, पूजा, भौती मेले, उत्सव, देवयात्रा इत्यादि में वादकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। दूसरे शब्दों में यह भी कह सकते हैं कि वादक देवी-देवताओं की प्रत्येक गतिविधि में अपना विशिष्ट स्थान रखते हैं। इनकी भूमिका के बिना देवी-देवताओं के कोई भी अनुष्ठान प्रारम्भ नहीं होते।

फागुन या चैत्र की सक्रांति को लगभग सभी देवता इन्द्र दरबार से वापिस लौट आते हैं। इस अवसर पर सुवह-सवेरे देवरथ को सजाकर मंदिर से बाहर निकाला जाता है। थड़े के सामने गूर जगती पर बैठकर भार्था के रूप में अपनी गाथा को सुनाने बैठता है, उस समय वाद्ययन्त्रों पर देव आवाहून की धुन बजने से ही गूर के शरीर में देवता प्रकट होता है। देवी देवताओं के पास वादकों का एक समृद्ध वर्ग है जो हर अनुष्ठान में उपस्थित रहता है तथा वाद्यों के वादन से इसे रूचिकर बनाता है। ये वादक बाह्मण, राजपूत, वैरागी, हेसी, लुहार और कोली आदि समुदाय से सम्बन्ध रखते हैं। अधिकांश देवताओं के पुजारी ब्राह्मण होते हैं। पूजा करते समय इन्हें घण्टी तथा शंख बजाना पड़ता है। पूजा के लिए नहा-धोकर धोती पहनकर ये पुजारी बायें हाथ में घण्टी बजाते हैं तथा दायें हाथ में धूप जले धड़छ को हिलाते हैं। जब तक घण्टी बजती रहती है तब तक ही धड़छ भी हिलाया जाता है। इसी दौरान पुजारी देव स्तुति में आरती तथा मंत्र भी गाता रहता है। अर्थात् गायन तथा वादन एक ही समय में एक साथ किया जाता है। जब पूजा सम्पन्न होती है उसके बाद पुजारी शंख

बजाता है। कई देवताओं के पुजारी राजपूत होते है, वे भी ब्राह्मण पुजारी की तरह ही पूजा विधि को निभाते हैं। घण्टी तथा शंख बजने के साथ-साथ रणसिंगे का वादन भी ब्राह्मण तथा राजपूत ही करते हैं। खण्डा निकलने के अवसर पर करनाल, रणसिंगा, छंछाला, कणसी, काहल, भोटूकाहल आदि लोकवाद्यों को भी राजपूत और ब्राह्मण ही बजाते हैं।

ढोल, ढौंस, नगाड़ा, वाम, तथा करनाहल बजाने वाले लोकवादक लुहार, कोली आदि समुदाय से सम्बन्ध रखते हैं। ये वादक कुशल एवं व्ययवसायिक वादक होते हैं। ढोल, नगाड़ा तथा करनाहल बजाने के लिए विशेष दक्षता की आवश्यकता होती है। शहनाई वादक हेसी और तुरही समुदाय से सम्बन्ध रखते हैं। वादकों में ढौंस वादक, ढोल, नगाड़े, भाणा, करनाहल तथा शहनाई के वृंद को संचालित करता है। इनमें ढोल वादक को ढोली, नगारा वादक को नगारची, वाम वादक को वामची, ढौंस वादक को ढौंसी, तथा करनाहल वादक को करनाहलची कहते हैं।

देवकार्य के प्रत्येक अवसर में इनकी उपस्थिति अनिवार्य होती है। प्रातः सायं की पूजा में भी इनका वादन करना अनिवार्य होता है। इसलिए इनकी उपस्थिति इसमें ज़रूरी होती है। वाद्ययत्रों को बजाने का इन्हें कोई निश्चित परिश्रमिक नहीं है। कुछ देवताओं ने इन्हें जोतने के लिए ज़मीनें दे रखी हैं तथा जिन देवताओं के पास भूमि नहीं है वहां वादकों को कुछ नहीं मिलता। जब कोई हार में देवभौती तथा भण्डारे या देउली के अवसर पर देवता को अपने घर ले जाता है। उस समय इन्हें छौका मिलती है। पेट भर भोजन करने के अतिरिक्त एक आदमी का अतिरिक्त भोजन लेने को छौका कहा जाता है। पूर्व में रसोई में पका हुआ भोजन मिलता था। बाद में कच्चा चावल, आटा या गैहूं इत्यादि दिये जाने लगे। आजकल इसके बदले में अनाज की कीमत के बराबर रुपये दिये जाने लगे हैं। वर्ष में दो बार इन वादकों को एक एक पथा अनाज हार में से प्रत्येक परिवार से मिलता है। पथा एक टोकरी होती है जिसमें लगभग डेढ़ किलो अनाज आता है। वाद्य वादन एक पूर्णकालिक काम नहीं है। इसलिए इन्हें अन्यत्र मज़दूरी करनी पड़ती है। राजपूत तथा ब्राह्मण वादकों की अपेक्षा लुहार, कोली तथा हेसी समुदाय की आमदनी बहुत कम होती है। इनके पास खेती योग्य भूमि भी कम होती है। इसलिए इनकी आर्थिक स्थिति उतनी अच्छी

नहीं होती। साल का खर्च निकालना भी मुश्किल होता है। अतः ये इधर-उधर मज़दूरी करके अपना जीवनयापन करते हैं।

देवी-देवताओं का श्रद्धालु भक्तों के साथ गहरा रिश्ता होता है। इनके प्रत्येक भावों को व्यक्त करने में देव संगीत का विशिष्ट योगदान है। देवी-देवता जब भी किसी रोगी का गीतों और वाद्यों की धुनों की सहायता से उपचार करते हैं या भूत-प्रेत से मुक्ति दिलाने का प्रयत्न करते हैं तो उस समय बजाया जाने वाला ताल शास्त्रीय तालों की तरह टुकड़ों, परनों तथा तिहाईयों में निबद्ध रहता है। जिससे विशेष प्रभाव उत्पन्न होता है। जब देवता ने अपने प्रवक्ता चेले के शरीर में प्रवेश करके अपनी भार्था या आदेश सुनाना होता है तो उस समय प्रयुक्त होने वाला वाद्य संगीत तथा शहनाई, करनाहल, रणसिंगे की स्वर लहरी उपस्थित श्रोताओं के शरीर में कम्पकम्पी पैदा करते हैं।

इस प्रक्रिया से पूर्व चेला या गूर देवता के रथ के सामने पटड़ी पर बैठता है। इस समय वह चोला धोती व टोपी पहने होता है। गांव के सभी लोग एकत्रित होते हैं। धूप जलाया जाता है। तत्पश्चात ढौंसी के संकेत पर उसकी अगुआई में ढोल, नगाड़े, शहनाई, करनाहल, रणसिंगे, भाणा आदि वाद्ययंत्र बजाते हैं। पुजारी घण्टी बजाता है। इस समय पहले देव आवाह्न की धुन बजाई जाती है तत्पश्चात् भरैऊण ताल बजता है। इस समय पूरा वातावरण देवमय हो उठता है। जो भी श्रद्धालु वहां बैठे होते हैं उनके शरीर के रोय-रोयें खड़े हो जाते हैं। उनके मन पर ऐसा प्रभाव पड़ता है, मानों उनके शरीर के अन्दर किसी अदृश्य शक्ति ने अपना प्रभाव डाला हो। वाद्ययंत्रों की धुनों के असर से उसका ध्यान चेले पर एकत्रित हो जाता है। एक ओर बाद्ययंत्रों पर धुन बजती रहती है, दूसरी तरफ श्रद्धालु देवता के प्रकट होने की प्रार्थना करते हैं। जब धुन अपने चरम पर होती है, तब चेले के शरीर में देवता का प्रवेश हो जाता है। चेले के कांपने से इसकी पुष्टि होती है। थोड़ी देर कांपने के बाद चेला अपने सिर की टोपी पीछे की ओर गिरा देता है, जिसे उसके पीछे बैठा व्यक्ति अपने हाथ में पकड़ता है। उसके तुरन्त बाद वाद्ययंत्रों पर धुन बदली जाती है और सबके शरीर की उतेजना खत्म हो जाती है। जब गूर जगती पर बैठकर या कभी खड़े रथ में देवता के गूर के मुख से देववाणी कहलवाने के लिए वाद्ययंत्रों पर भरैऊण

ताल बजाई जाती है, तो उस समय सारा माहौल देवमय हो जाता है। मन में भक्ति का भाव उमड़ पड़ता है। भरैऊण ताल बजने से उनकी एकाग्रता बढ़ती है और उनका पूरा ध्यान देवता की तरफ हो जाता है। जैसे-जैसे भरैऊण ताल का असर होने लगता है, उनका शरीर कांपने लगता है और उनकी चेतना लुप्त होने लगती है। एक अदृश्य शक्ति के वशीभूत हो कर उनके मूख से वाणी प्रस्फुटित होने लगती है।

जब कभी देवताओं के रथ को मंदिर के अन्दर से प्रांगण में लाया जाता है तो वह वाद्ययंत्रों पर बजने वाली तालों की लय के आधार पर आगे पीछे घूमते हैं। देवरथ को प्रायः दो लोग उठाते है। देवरथ को केवल पुरुष ही उठाते है। महिलाओं का देवता के रथ को उठाना वर्जित होता है। ताल के प्रभाव के सहारे ही रथ चलते हैं, दौड़ते हैं तथा किसी स्थान विशेष पर जाकर खड़े हो जाते हैं। प्रांगण जिसे सौह भी कहते हैं में चारों दिशाओं में जाकर प्रणाम करते हैं। इस प्रक्रिया को 'नुआस देना' कहते हैं। नये घर की प्रतिष्ठा करने को 'घरपेशनी' कहते हैं। इस अनुष्ठान में घर के चारों ओर सूत्र पिरोया जाता है। इस प्रक्रिया को 'घर बांधना' भी कहते है। यह इसलिए बांधा जाता है ताकि आसुरी शक्तियों से घर तथा परिवार की सुरक्षा हो सके। मान्यता है कि इससे घर में सुख समृद्धि बढ़ती है और शांति बनी रहती है।। सूत्र फेरते समय भी देव आवाहन की धुन भरैऊण, जगाउण, तथा खड़ायत तालों के बजने से आसुरी शक्तियां दूर भाग जाती हैं। कई बार किसी व्यक्ति में जब आसुरी शक्ति प्रवेश करती है, तो ऐसे समय भरैऊण, जगाऊण, पतियाऊण ताल के वादन से वह शक्ति उसके शरीर में छटपटाने लगती है। उसके छटपटाने पर देवता का चेला उसके शरीर में पानी के छींटे देकर उसे उस व्यक्ति के शरीर से बाहर निकाल लेता है। इसी प्रकार बीमार व्यक्ति पर भी देवधुन का असर होता है। पूजा के समय घण्टी तथा शंख ध्वनि होने पर उसका सुमधुर नाद सुनकर दूर बैठा व्यक्ति भी देवता के प्रति श्रद्धा में सिर झुकाता है। शंख की ध्वनि उसके कानों में पड़ने के बाद तुरन्त उसके मन पर श्रद्धा भाव जगाने में सहायक होती है। इस तरह कहा जा सकता है कि देव संगीत में मानव मन के भावों को प्रभावित करने की अदभुत क्षमता होती है।

भार्थाओं के अनुसार सृष्टि का विकास

प्रलयकाल के उपरान्त अव्यक्त एवं स्वयंभू भगवान नारायण देव ने अपने कृति के प्रेरक महातत्व पंचभूत को प्रकाशित करने के रूप में अपने को प्रकट किया। भगवान के शक्ति रूप पंचभूतों के प्रकाशित होते ही अन्धकार नष्ट हो गया और प्रकाश व्याप्त हो गया। इसका उल्लेख ऋग्वेद में इस प्रकार मिलता है:-

हिरण्यगर्भः समवर्तताग्रे भूतस्य जातः पतिरेक आसीत्।

स दाधार पृथिवींद्यामुतेमां कस्मै देवाय हविषा विधेम्।।

अर्थात् सृष्टि के पूर्व सर्व प्रथम हिरण्य गर्भ ही विद्यमान था। इससे ही सभी भूततत्वों की उत्पति होती है। वहीं इनका एक मात्र विधाता व स्वामी है।उसी ने पृथ्वी से गगनपर्यन्त सभी तत्वों को आधार व अस्तित्व प्रदान किया। हम उस आदि देव को छोड़कर किसे हवि प्रदान करें। 1

अपने शरीर से अनेक प्रकार की प्रजाओं के सर्जन की इच्छा से नारायण देव ने सर्वप्रथम अप्तत्व अर्थात् पंचमहाभूतात्मक प्रकृति को उत्पन्न किया और उसमें बीज को आरोपित किया।

तदण्डमभवद्वैमं सहस्त्राशुसमप्रभम्।

तस्मिजज्ञे स्वयं ब्रह्मा सर्वलोक पितामहः।।[2]

प्रकृति में आरोपित बीज अल्पकाल में ही सूर्य के समान चमकीले अण्डे के रूप में परिणत हो गया और फिर उसी अण्डे से सब लोगों के पितामह ब्रह्माजी उत्पन्न हुए। इस प्रकार परमेश्वर द्वारा सृष्ट अपतत्व में आरोपित बीज से ही समस्त सृष्टि की उत्पति हुई। स्पष्ट है कि इस सृष्टि के आरम्भ में भी परमेश्वर था, मध्य में भी वही था और उससे उत्पन्न होने वाला ब्रह्मा भी वही था। वही निमित कारण कर्ता उपादान कारण अर्थात् सामग्री है तथा वही कार्य भी है। जलप्रलय का मिथक सामान्य रूप से सभी धर्मों और मिथकों में किसी न किसी रूप में प्राप्त होता है। जलप्लावन के बाद केवल एक दम्पति का जीवित रहना और उसके द्वारा सृष्टि के विकासक्रम की कहानियां हिन्दु, इसाई, मुस्लिम आदि सभी धर्मों में मिलती हैं। जलप्लावन के द्वारा धरती का पूरी तरह डूब जाना, फिर कौमार्य पृथ्वी का प्रकट होना या अग्नि के द्वारा उसका विनाश होना इस बात का सूचक

है कि अव्यवस्था से ही सृष्टि का आरम्भ होता है। यह भी सभी धर्मों में माना जाता है कि जब पृथ्वी पर पाप बढ़ जाते हैं तो परमपुरूष प्रलय की लीला रचता है और उसके बाद ही पुर्नसृष्टि की रचना का कालक्रम चलता है। शतपथ ब्राह्मण के अनुसार जलप्लावन के बाद जो मनु और श्रद्धा प्रलय के बाद सुरक्षित रह जाते हैं, उन्हीं के द्वारा फिर से सृष्टि का आरम्भ हो जाता है।

महाभारत और पुराणों के अनुसार क्षितिज से अग्नि का विस्फोट होगा, सात या बारह सूर्यों का आकाश में उदय होगा जो समुद्रों को वाष्पीकृत कर देंगे और पृथ्वी को भस्म कर देंगे। तत्पश्चात् बारह वर्षों तक लगातार वर्षा होगी जिससे मानव और पृथ्वी विनष्ट हो जायेंगे। उसके बाद फिर से प्रत्येक वस्तु का सृजन होगा और यह क्रम अनन्त काल तक चलता रहेगा।

उपरोक्त उद्धरणों से ज्ञात होता है कि सृष्टि के लिए सृजनशक्ति की आवश्यकता होती है, जिसे गोलक, अण्डकोष, महामाता, ब्रह्मा और विश्वपैत्रिक तत्व के रूप में चित्रित किया गया है। सृष्टिक्रम में तीन प्रक्रियाएं एक साथ चलती हैं जो त्रिमूर्ति में परिलक्षित होती हैं। ब्रह्म की धारणा में ये तीन तत्व समाहित हैं। तीनों तत्वों को तीन मात्राओं, अकार, उकार, तथा मकार के द्वारा व्यंजित भी किया गया है। इन तीन तत्वों को हिन्दु मान्यता में बह्मा, विष्णु, महेश को संयुक्त किया गया है। तीनों देवों का सम्बन्ध पृथ्वी, जल और अग्नि से है।

वेदों, शास्त्रों, पुराणों और वैज्ञानिकों के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश के देवी-देवताओं की भार्थाओं, देवगाथाओं में सृष्टि के सम्बन्ध में विभिन्न मत प्रकट हुए हैं। चम्बा क्षेत्र में शिवस्तुति वाली ऐंचली गाथाओं की प्रथम पंक्ति से ही सृष्टि की उत्पत्ति का वर्णन हैः-

होआ नी थी संसार ना, थिया त्रिलोकीनाथ भून्ता,
चार इन्द्राणी, पंजपांडु, छः नरैण, सतवीं देवी सीतला।
अठकुल नाग, नौ नाथ, दस रावणा
एक अर्जुन, बारह भेरू, तेरह ताल। [3]

अर्थात् जब कोई पृथ्वी व वायु नहीं थे, तब केवल त्रिलोकीनाथ ही विद्यमान थे फिर त्रिलोकीनाथ ने चार इन्द्राणी, पांच पाण्डव, छः नारायण,

सात शीतलामाता, आठ नाग, नौ नाथ, दस रावण, एक अर्जुन, बारह भैरों और तेरह ताल उत्पन्न किए।

जब कुछ भी नहीं था, समुद्र में जल था, तब सबसे पहले समुद्र में कमल फूल निकला और इस कमल फूल में ब्रह्मा, विष्णु, महेश और शक्ति का प्रादुर्भाव हुआ है। इन चारों ने पृथ्वी और आकाश का निर्माण किया। प्रस्तुत गाथा में इसका उल्लेख मिलता हैं-

समुद्रे दा जल निकलेया ता कमल फूल निकलेया,
इस कमल फुल्ले पर, चौर जीव तयार होये।
ब्रम्हा, विष्णु, शिव, शक्ति देवी,
जलथल टकाए, धरत आकाश बणाए।

इसी गाथा में कहा है-

दैहणे अंगे री सामी मैल कढ़ाइए
जिसा केरी धरणी बणाई न।
बौएं अंगे री सामी मैल कढ़ाइए
जिसा केरी मनसा बणाई न।
बरमा पुच्छदा विष्णुए तांह ऐ,
कुणी लेणे धरणी रे भारे न।
विष्णु बोलदा बरमे तांह ऐ,
जिनी लेणा धरणी रे भारे न।
नाज गुरू अछणा मनसा व्याहणी,
तिन्ही लेणे धरणी रे भारे न।

अर्थात् ब्रह्मा ने दाहिने अंग की मैल निकालकर उसकी सृष्टि बनाई और बायें अंग की मैल निकालकर उसकी मनसा नामक कन्या बनाई। उसके बाद ब्रह्मा ने विष्णु से पूछा, हे स्वामी! अब इस सृष्टि का नियामक कौन होगा और इस कन्या का कौन वरण करेगा। तब भगवान विष्णु- बोले हे ब्रह्मा! इस धरती का नियामक शिव होगा और जो धरती पर अन्न पैदा करेगा, वही इस कन्या का वरण करेगा। इस प्रकार निर्णय होने के बाद ध
रती, आकाश, सूर्य, तारा, भोर का तारा, पवन, जल, गुरू आदि पैदा किए।

ब्राह्मण्ड में सबसे पहले पृथ्वी की उत्पति हुई मानी जाती है। उसके

बाद ईश्वर ने मनुष्य को बनाया, जिसका उल्लेख कुल्लू की ठारह करडू की भार्था में इस प्रकार हुआ है-

निहार घोर थी, सेयी मेयी संसार थी
सरगा न औलै़ धरती न पन्नै,
पृथी बणाई, माण्हू बणाए,
सूनें रै बणाए, वाक नी छूटी,
चा़ंदी रै बणाए, वाक नी छूटी,
त्राम्बै रै बणाए, वाक नी छूटी,
आपणी चोई रै बणाए, ता वाक छूटी,
एकी न दूई हुए, दूई रै दस बणै,
दसै रै शौऊ हुए, शौऊए रै सहस्र बणै,
सहस्रै पृथ्वी भौरी।

अर्थात् अन्धेरा ही अन्धेरा था। ईश्वर ने सबसे पहले पृथ्वी बनाई, तत्पश्चात् मनुष्य बनाया। उसके बाद सोने से मनुष्य की मूर्ति बनाई। उससे आवाज़ नहीं निकली। फिर बारी-बारी से चांदी तथा तांबे का बनाया, तब भी आवाज़ नहीं फूटी। उसके बाद उसने अपने शरीर की मैल से बनाया। तब जाकर मूर्ति से आवाज़ प्रस्फुटित हुई। एक से दो, दो से दस, दस से सौ, सौ से सैंकडों और सैंकडों ने पृथ्वी को मनुष्य से भर दिया।

देवताओं का अवतरण

मनुस्मृति के प्रथम अध्याय के 24वें और 25वें सूक्त में देवताओं की उत्पत्ति के सम्बन्ध में इस प्रकार उल्लेख मिलता है-

कर्मात्मनां च देवानां सोऽसृजत्प्राणिनां प्रभुः।
साध्यानां च गणं सूक्ष्मं यज्ञं चैव सनातनम्।।
अग्निवायुरविभ्यस्तु त्रयं ब्रह्मा सनातनम्।
दुदोह यज्ञसिद्ध्यर्थमृग्यजुः साम लक्षणम्।।

अर्थात् सभी प्राणियों के अधीश्वर परमात्मा ने कर्म स्वभाव वाले अग्नि, वायु आदि देवों के साध्यों के सूक्ष्म समुदाय को और सनातन यज्ञ को उत्पन्न किया। उसके उपरान्त उस परमेश्वर ने यज्ञ की सिद्धि के लिए तीन देवों, अग्नि, वायु और सूर्य को क्रमशः ब्रह्ममय और सनातन, तीन

वेदों ऋग्वेद, यजुर्वेद, और सामवेद को प्रकट किया। प्रत्येक देव परम् त्रिमूर्ति का एक रूप है या उससे पैदा हुई सत् या उस पर आश्रित शक्ति है तथा प्रत्येक देवी विश्व शक्ति या परम शक्ति का एक रूप है।

वैदिक काल के ऋषि ऐसे ही दिव्य दृष्टि प्राप्त ांतदर्शी पुरूष थे, जिनके मुखारबिन्द से निसृत ज्ञान वेदों, उपनिषदों एवं अन्य शास्त्रों में संचित है।

बिजली महादेव तथा पराशर ऋषि की भार्थाओं के अनुसार देवताओं को नारयण ने उत्पन्न किया। भार्था में उल्लेख आता है कि नारायण ने प्रकट होकर नीचे से अपना शरीर मलना आरम्भ किया। सबसे पहले पैर के तलवे की मालिश की, उससे तलासर ऋषि पैदा हुए जो बेताल को चले गए। गोडे की मालिश से गडासर ऋषि, ठार से ठारह करड़ू, पिली से देवी पार्वती,और ऋषि पराशर, घुटने के मलने से जनासर, नाभी से कमल के फूल पर ब्रह्मा, छाती से गौकरण ऋषि, गले से गलासर, मुंह से सरस्वती, माथे से आशामात्री ऋषि, दायीं आंख से सूर्य देव, बायीं आंख से चन्द्रमा, और शरीर के अन्य भागों को मलने से तैंतीस करोड़ देवता, अटठासी हज़ार ऋषि, बावन नीर, नौ नाथ, चौरासी सिद्ध, चौसठ योगनियां उत्पन्न हुईं।

आउटर सराज के देथवा नोर में देवता के आने पर फागुन की सक्रांति को मारकण्डेय ऋषि के गूर द्वारा गणाई होती है। गूर एक गाल से दूसरे गाल की ओर पीतल की मोटी सूई निकालता है, जिसे 'बांवड़ डालना' कहते हैं। देवता के सभी कार्यकर्ता इस दिन उपवास रखते है। इस दिन छाड़ी गायन होता है। जिसके कुछ बोल इस प्रकार हैं-

फेर पृथ्वा निहारो होआ गूरा
पूरवा फीरा पैंणे बरूरा
पच्छमा फीरा पौंणे बरूरा
उतरै फीरा पौंणे बरूरा
दौखणै फीरा पौंणै बरूरा
पाणियों सौगा बाजा साथा
मांझी सौरै पाणी बाज़ौ पुडू
पुडू फुटिया लिंगा बाजौ
लिंगा फुटिया ईशरा जौरमौ

सौरा भिंडी वेशो फाकौ
सौरा भिंडी औरू हेरा पोरू
मौनें सूंचा ईशुरा दे।

अर्थात् चारों ओर अन्धेरा था। पूरी सृष्टि जलमग्न थी। समुद्र के बीचों बीच चक्रवात आया जिसके फूटने पर लिंग बना और ईशवर महादेव प्रकट हुआ।

भार्थाओं के अनुसार बहुत से देवी देवता स्वर्ग से पृथ्वी पर उतरे हैं भगवती काली ओड़ी बबेली की भार्था में इसका वर्गन हुआ है :-

सुर्गा न चूड़ै धरती न पन्ने

इसी तरह ऋषि वशिष्ट की भार्था में महाचीन से आने का वर्णन है। श्यामाकाली की भार्था में काशी वेद विद्यापीठ स्थापित करने और दिल्ली में राजधानी बनाने के बारे में कहा गया है-

काशी वै एज़ी बेठै
काशी वेद विद्यापीठ बणाई बेठै।
दिल्ली भीतरै एज़ी बेठै
राज तख्त बणाई बेठै।

कांगड़ा के ज्वालामुखी से शमशी की भगवती ज्वाला आकर स्थापित हुई है। देवियों की भार्था में कांगड़ा का उल्लेख हुआ है। भारथा में कहा गया है-

कांगड़ा भीतरै निखती, ज्वाला माई नाओं दर्शाई बेठी।

पेड़ेई कुल्लू की देवी भटंती की भार्था में जिक्र आता है कि जब नारायण ने पहले पहल मनुष्य बनाया तो वह बहत छोटा था। इसलिए नारायण ने सोचा आदमी थोड़ा बड़ा होना चाहिए- 'चिंथड़ू-विंथड़ू रै बोले राजपाठ निं चलणा।' कलियुग में घोर पाप होगा इसके बारे में कहा गया है कि- 'धूड़ माटी उठणी पौतर डूबणा ता पात्थर तौरना।'

हिमाचल प्रदेश का ऊपरी भाग जैसे लाहुल-स्पिति, किन्नौर और कुल्लू किसी समय शेष विश्व से कटा रहता था। उस समय भोजन की समस्या रही होगी। एक भार्था में कहा गया है- गहरना चींटी ने अनाज लाया। राजा घेपन को भी लाहुल में अनाज लाने का श्रेय दिया जाता है।

देवी-देवता इस देव भूमि पर अलग-अलग रूपों में प्रकट हुए हैं।

ये देवता कहीं पिंडी के रूप में उत्पन्न हुए, कहीं खेतों में निडाई-गुडाई करते हुए मुखौटे के रूप में, कहीं खेत में हल की नोक में फंस कर प्रकट हुए, कहीं कन्याओं के रूप में जन्म लेकर, कहीं पत्थर पर प्रकट होकर, कहीं अण्डों के रूप में, कहीं साधु के रूप में आए हैं। एक गांव से दूसरे गांव में नव विवाहिता के साथ जाने से भी पूजित हुए हैं। कई देवी-देवताओं ने प्रकट होने के लिए श्रद्धालुओं के सपनों का सहारा भी लिया है।

देव भार्थाओं में वर्णन आता है कि ये देवी-देवता या तो ऊंचे पहाडों से यहां आए या नीचे मैदानी क्षेत्रों के पाप से तंग होकर यहां आकर बसे हैं। अपना राज स्थापित करने के लिए इन्हें यहां के स्थानीय अधिपति को जुआ-पासा खेलकर हराना पड़ा है या किसी विशेष शर्त के अन्तर्गत जीतना पड़ा है। माना जाता है कि किसी समय यहां स्थान-स्थान पर राक्षसों का आतंक था। वे लोगों को गाहे-बगाहे अनुचित तरीकों से तंग किया करते थे। जब इन देवताओं ने उन दुष्ट प्रवृति के शासकों को अपनी शक्ति से हराकर लोगों की सुख समृद्धि में हिस्सेदारी निभानी आरम्भ की तो उन्होंने इन्हें पूजना शुरू किया। परिणाम स्वरूप ये उन स्थानों या गांवों के रक्षक बनकर देव रूप में पूजे जाने लगे।

अधिकांश देवी-देवताओं के प्रकट होने के सम्बन्ध में गौमाता का विशेष योगदान रहा है। इस सम्बन्ध में लाहुल के देवता त्रिलोकीनाथ की गाथा में वर्णन है- किसी समय हिंणुसा नामक क्षेत्र में गांव वालों ने भेड, बकरियों तथा चुरू आदि चराने के लिए टिण्डु नाम के चरवाहे को नियुक्त किया। वह अपनी रेवड़ों को चरागाह में चराने मेघाच्छन पर्वत की गोदी में एक जल स्रोत के पास ले जाया करता था। एक दिन वहां पर उसने देखा कि सात जल स्रोत फूट रहे हैं। उन जल स्रोतों से सात श्वेत प्रतिमाएं निकली और चुरूओं व भेड़ बकरियों के स्तनों से दूध पीने लगीं। उसके बाद जलक्रीड़ा करने लगीं। यह क्रम कई दिनों तक जारी रहा। शाम को वह अपने रेवड़ को लेकर गांव आता तो उन प्रतिमाओं द्वारा दूध पीने की बात भूल जाता। शाम को जब गृहणी दूध दूहने लगती तो उनमें दूध नहीं निकलता। वे चरवाहे को बुरा भला कहती और उस पर दूध चुराने का लांछन लगाती। एक दिन जंगल में पशु चराते हुए उसे एक युक्ति सूझी। उसने पत्थर का एक बड़ा सा टुकड़ा एक चुरू के सींग के साथ बांध दिया

ताकि वह जलस्रोतों से निकलने वाली प्रतिमाओं की बात याद रख सके। उस शाम राणा की पत्नी स्वयं चुरू से दूध निकालने लगी तो चुरू के सींग से पत्थर का टुकड़ा उछलकर दूहनी से टकरा गया। जिससे दूहनी ज़मीन पर गिर पड़ी और फट गई। इस पर मालकिन चरवाहे को गाली देते हुए कहने लगी कि तुमने यह क्या शरारत कर रखी है जो चुरू के सिर पर पत्थर बांध दिया। चरवाहे को तुरन्त याद आ गया और उसने मालकिन को सात प्रतिमाओं द्वारा प्रकट होने और दूध पीने की बात बता दी। राणा को जब इस बात का पता चला तो उसने उसे कहा कि वह अगले दिन उन सात मूर्तियों में से एक मूर्ति को पकड़ कर गांव ले आए। अगले रोज़ जब मूर्तियां प्रतिदिन की तरह जलक्रीड़ा कर रही थी तो ग्वाले ने उनमें से एक मूर्ति पकड़ ली और उसे अपनी पीठ पर उठाकर तुंदेपुरी के मैदान में ले आया। वहां पर मालकिन व राणा ने मूर्ति के दर्शन करने के बाद दीपक जलाकर उसकी पूजा अर्चना की। स्त्री सोचने लगी कि यह सुंदर मूर्ति किस देश से आई होगी। वह मूर्ति को देखकर पुलकित हो गई। तत्पश्चात उसने सौ बार दंडवत प्रणाम करते हुए उसकी परिक्रमा की। बाद में राणा ने उस मूर्ति को वहीं स्थापित किया और उसका मंदिर बनवाकर उस स्थान का नाम तुंदे के स्थान पर त्रिलोकनाथ रखा।

खेतों में निडाई-गुडाई करते समय भी बहुत से देवताओं के मोहरे प्रकट हुए हैं। एक महिला अपने खेत में निडाई-गुडाई कर रह होती है पास में ही उसने अपना छोटा शिशु भी लिटाया होता है। दोपहर में शिशु को प्यास लगती है। वह मां से पानी पीने की इच्छा व्यक्त करता है। बच्चे को प्यास से व्याकुल होते देख महिला भगवान से प्रार्थना करती है कि काश यहां पर जल निकल आता तो वह अपने बच्चे की प्यास बुझा देती। वह ऐसा सोच ही रही होती है कि तभी उसकी किलणी से टन से कोई वस्तु टकराती है। किलणी की नोक से वह उस वस्तु को बाहर निकालती है तो देखती है कि एक अष्टधातु की मूर्ति है। मूर्ति के निकलते ही वहां से जलधारा भी प्रस्फुटित होती है। बच्चे को पानी पिलाकर वह महिला उस मूर्ति को घर लाती है और अन्न की खाली कोठरी में रखती है। अगली सुबह देखती है कि अन्न की कोठरी अन्न से भरी हुई है। वह यह बात गांव वालों को बताती है। गांव वाले उस मूर्ति को देखते हैं तो उन्हें किसी दिव्य

शक्ति के प्रादुर्भूत होने का आभास होता है। तभी किसी व्यक्ति को खेल आती है और वह कहता है कि वह अमुक देवता या देवी है। वहां रहना चाहता है। कालान्तर में लोग उसका मंदिर बनवा लेते हैं।

देवताओं की उत्पति अण्डों से भी मानी गई है। निरमण्ड की अम्बिका भगवती को सराज कुल्लू के देवता एक तालाब में ग्यारह अण्डों के रूप में मिले। अम्बिका ने उन्हें तालाब से बाहर निकाला और फोड़ने पर उनसे चार चम्भु तथा सात देवियां प्रकट हुई, जिन्होंने भिन्न-भिन्न स्थानों पर अपनी मान्यता स्थापित करवाई।

बहुत से देवताओं की भार्थाओं में वर्णन आता है कि वे यहां साधु रूप में आये। यहां उन्होंने अपनी मनपसन्द जगह को साधना के लिए चुना तथा कई चमत्कार दिखाए। अगर वहां पर अन्य देवता होता तो उसे हराकर वहां से अन्य स्थान पर जाने को विवश किया जाता या उससे अपना आधिपत्य स्वीकार करवाया जाता। कुछ देवते काश्मीर से यहां आये। इनमें शिमला ज़िला के महासू देवता तथा उनके भ्रातागण प्रमुख हैं, जिन्होंने वहां के अत्याचारी दैत्यों को समाप्त करके अपने को देवरूप में पूजित करवाया है।

सराहां के विजट तथा चूड़धार सिरमौर के शिरगुल ने मानव रूप मे जन्म लेकर दुष्टों का संहार करके अपने आप को देव रूप में स्थापित करवाया है। इस प्रकार देव भार्थाओं में देवताओं के स्थापित होने का कथानक तो रहता ही है, उनकी वीरता, तपस्या तथा चमत्कार की घटनाओं का सुंदर वर्णन भी रहता है।

देवताओं का इतिहास

सभी देवताओं का एक निश्चित इतिहास होता है। यद्यपि इनकी गाथा में इस्वी,सन, संवत, दिन, तारीख का वर्णन नहीं होता फिर भी कहीं-कहीं राजाओं, ठाकुरों, राणाओं का उल्लेख रहता है। जिससे सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि ये किस काल में अमुक गांव में रहे होंगे। राजाओं, राणाओ और ठाकुरों का काल निश्चित रहता है। जैसे कुल्लू के जरी के देवता कालीनाग की भार्था में गूर बताता है कि राजा सिद्ध सिंह

के साथ किस प्रकार का सम्बन्ध रहा है। इसी तरह अठारह करडू की बहन भागासिद्ध की भार्था में भी राजा सिद्धसिंह का उल्लेख मिलता है। इससे सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि देवी राजा सिद्धसिंह से पहले से ही तलपीणी गांव में प्रतिष्ठित हो चुकी थी। देवता अपनी खुली भार्था में बताता है कि सिद्धसिंह का नाम ही इस बात का प्रतीक है कि उसे सिद्धि प्राप्त थी और उस सिद्धि के कारण ही उसने अन्य देवताओं के अतिरिक्त ठारह करडुओं को भी अपने वश में कर लिया था। तब वह देवी भागासिद्ध को जीतने के लिए पीणी मण्डल में गया। पीणी की भागासिद्ध ने उसे कहा कि मैं तो एक अबला कन्या हूं, तप और बल का शक्ति परीक्षण करना है तो रूपी मण्डल में भाई काली नाग के पास जायें। कहते हैं कि जब वह बागाकोट के पास नदी पार करने लगा तो देखा नदी में जल बहुत अधिक है तब देवता कालीनाग ने पर्वत चोटी से एक नगाल बांस की लम्बी लकड़ी लाई और नदी पर रख दी। नदी पार्वती का जल कुछ समय के लिए ऊपर का ऊपर और नीचे का नीचे रह गया। तब देवता ने राजा को जल रहित मार्ग से आने का का निमन्त्रण दिया और राजा ने आसानी से नदी पार कर ली। देवता ने राजा को मतेउड़ा जगती में शारनू सौह में बिठाया। राजा वहां अपने साथ लाये ठारह करडू के प्रतीक लम्बी लोहे की सांकल का आसन बनाकर बैठा और कालीनाग को अपना बल और तप शक्ति बताने को कहा। काली नाग ने राजा से कहा कि मेरी शक्ति का परीक्षण करने से पहले वह अपने नीचे रखी सांकल को देखे। राजा ने जब सांकल देखी तो देखा उसके अठारह टुकड़े हो चुके थे। कहते हैं तब राजा को देवता काली नाग की शक्ति का एहसास हो गया था। इस भार्था से यह बात तो निश्चित है कि काली नाग देवता सोहलवीं शताब्दी से पूर्व यहां पूजित हुआ है। इसी तरह चम्बा की सूही रानी जो अब देवी रूप में पूजित है कि गाथा से भी दसवीं-ग्याहरवीं शताब्दी के बाद उसके देवी रूप में पूजनीय होने पर बल पड़ता है। चम्बा के नौण आज भी उसके बलिदान के गवाह हैं। सिरमौर के देवता शिरगुल की भार्था के अनुसार उसका काल दिल्ली में मुगलों के समय से मेल खाता है।

चतुर्थ अध्याय

कुल्लू की देव-भार्थाएं

वीरनाथ थाच माशणा

कुल्लुई

गंगा री गट्टी छनकाई बेठा।
राह ज़ेहई देई बेठा,
तुंगल पिंगल एज़ी बेठा।
धूनी ज़ेहई देई बेठा,
सोमसी पौधरा एज़ी बेठा।
धूनी ज़ेहई देई बेठा,
खोखणा भीतरै एज़ी बेठा।
धूनी ज़ेहई देई बेठा,
राह ज़ेहई देई बेठा,
ढालपुरा एज़ी बेठा।
धूनी ज़ेहई देई बेठा
तिलो बहणी बणाई बेठा।
कोण्ढी कुती खल्याई बेठा।
ग्रां घौर जाई बेठा,
आपणी कला दर्शाई बेठा।
राह ज़ेहई देई बेठा,
खलाड़ा भीतरै एज़ी बेठा।
नारायण दादा संघै वाच-वच़न वोन्ही बेठा।
राह ज़ेहई देई बेठा,
थाचा माशणा एज़ी बेठा।
धुडु गढ़िए. चालणु संघै,

वीरनाथ थाचा माशणा

हिंदी अनुवाद

गंगा की गिट्टी छनका बैठा।
रास्ता अगला पकड़ बैठा,
तुगल-पिंगल आ बैठा।
धूनी रमा बैठा,
शमशी मैदान में आ बैठा।
धूनी रमा बैठा,
खोखण गांव में आ बैठा।
धूनी रमा बैठा,
रास्ता अगला पकड़ बैठा,
ढालपुर आ बैठा।
धूनी रमा बैठा,
तिलो बहन बना बैठा।
कोण्ढी कुतिया खेला बैठा।
गांव-घर जा बैठा,
अपना चमत्कार बता बैठा।
रास्ता अगला पकड़ बैठा,
खलाड़ा गांव अन्दर आ बैठा।
नारायणा दादा के साथ वचन बांध बैठा।
रास्ता अगला पकड़ बैठा,
थाचा माशणा आ बैठा।
धुडू गढ़िया चालणु के साथ,

जुआ-पासा खेली बेठा।
औतर रूप छोड़ी बेठा,
देवकला चलाई बेठा।
राह ज़ेहई देई बेठा
ढालपुर एज़ी बेठा।
राह ज़ेहई देई बेठा,
बड़ा ग्रां एज़ी बेठा।
धूनी ज़ेहई देई बेठा,
बंदरोला एज़ी बेठा।

कुल्लुई

धूनी ज़ेहई देई बेठा,
बटाहर धारा भीतरै एज़ी बेठा।
धूनी ज़ेहई देई बेठा,
देऊ रूप लेई बेठा।

जुआ-पासा खेल बैठा।
मनुष्य रूप छोड़ बैठा,
देवकला चला बैठा।
रास्ता अगला पकड़ बैठा,
ढालपुर आ बैठा।
रास्ता अगला पकड़ बैठा,
बड़ागांव आ बैठा।
धूनी रमा बैठा,
रास्ता अगला पकड़ बैठा,
बंदरोल आ बैठा।

हिन्दी अनुवाद

धूनी रमा बैठा,
बटाहर धारा (गांव) अन्दर आ बैठा।
धूनी रमा बैठा,
देवता रूप ले बैठा।

देवी श्यामाकाली दलाशणी

कुल्लुई

सोमनाथ श्रीखण्ड जन्म लेई बेठी,
तौखै न चलिया कश्मीरा भीतरै एज़ी बेठी।
तौखै तपस्या, शक्ति स्थल बनाई बेठी।
आगे नज़रा केरी बेठी,
फिरी काशी भीतरै एज़ी बेठी।
काशी वेद विद्यापीठ स्थल बनाई बेठी।
आगे नज़रा केरी बेठी,
दिल्ली भीतरै एज़ी बेठी।
जगदम्बा रूप केरी बेठी,
राज तख्त बनाई बेठी।
आगे नज़रा केरी बेठी,
कलकता भीतरै एज़ी बेठी,
काली स्थान बनाई बेठी।
आगे नज़र केरी बेठी,
चण्डीगढ़ा भीतरै एज़ी बेठी,
चण्डीगढ़ा चण्डी स्थान बनाई बेठी।
आगे नज़रा केरी बेठी,
कालका भीतरै एज़ी बेठी,
महाकाली रूप केरी बेठी।
आगे नज़रा केरी बेठी,
कांगड़ा भीतरै एज़ी बेठी,
ज्वाला आगे मुख बनाई बेठी।
आगे नज़रा केरी बेठी,
मण्डी द्रंगा भीतरै एज़ी बेठी,
द्रंगा लूणे री खान बनाई बेठी।

देवी श्यामाकाली दलाशणी

हिंदी अनुवाद

सोमनाथ श्रीखण्ड जन्म ले बैठी,
वहां से चल कर कश्मीर के पास आ बैठी।
वहां तपस्या, शक्ति स्थल बना बैठी।
आगे नज़र कर बैठी,
फिर काशी के पास आ बैठी,
काशी में वेद विद्यापीठ स्थान बना बैठी।
आगे नज़र कर बैठी,
दिल्ली के पास आ बैठी।
जगदम्बा रूप कर बैठी,
राज सिंहासन बना बैठी।
आगे नज़र कर बैठी,
कलकता के पास आ बैठी,
काली स्थान बना बैठी।
आगे नज़र कर बैठी,
चण्डीगढ़ के पास आ बैठी।
चण्डीगढ़ में चण्डी स्थान बना बैठी।
आगे नज़र कर बैठी,
कालका के पास आ बैठी,
महाकाली रूप धर बैठी।
आगे नज़र कर बैठी,
कांगड़ा के पास आ बैठी।
ज्वाला के आगे मुंह बना बैठी।
आगे नज़र कर बैठी,
मण्डी द्रंग के पास आ बैठी,
द्रंग में नमक की खान बना बैठी।

कुल्लुई

कटौला भीतरै एज़ी बेठी,
कटौलै गऊ बौछूरा बौर देई बेठी।
आगे नज़रा केरी बेठी,
कुलू भीतरै एज़ी बेठी,
आगे नज़रा केरी बेठी,
कुलू नगरा देऊ जगती बनाई बेठी।
आगे नज़रा केरी बेठी,
राहतर भीतरै एज़ी बेठी,
चीलै रै चलाफा रा तौर बणाई बेठी।
चलाफै रै तौरा पादै तौरी बेठी,
राहै ठारह करडू रा चौंतड़ा बनाई बेठी।
व्यास नौई ता गोमती गंगा संगमा पांदै,
तीर्थ बनाई बेठी।
आगे राहधारी केरी बेठी,
दाड़ी भीतरै लोप होई बेठी।
दाड़ी राणा घंडिया ती,
घंड़िया राणे हागे पूंगी राम,
नोकरी चाकरी केरी बेठा।
धियाड़े वै से लाणा राती वै खोला ती।
दाड़ी गौही पांदे कोदरा तूशा रा पोलू,
खाणे वै देया ती।
सौ भारा साधुआ नी ती,
राणा घंडिया गाली बेठी।
पुगी रामै री स्त्री सुनीता वै,
छौली गुड़ाई केरदै दर्शन देई बेठी।
दलासणी भीतरै एज़ी बेठी,
कौण्डा कशांभला ज़ोंदरै स्थापना केरी बेठी।
वशां री डाली रोपी बेठी,

हिन्दी अनुवाद

कटौला के पास आ बैठी।
कटौला में गाय बछड़े का वरदान दे बैठी।
आगे नज़र कर बैठी,
कुल्लू के पास आ बैठी।
कुल्लू नगर में देवता का सिंहासन बना बैठी।
आगे नज़र कर बैठी,
राहतर के पास आ बैठी,
चील की पतियों से तारू बना बैठी।
पतियों के तारू पर नदी पार कर बैठी।
राहतर में अठारह करडू का थड़ा बना बैठी।
व्यास नदी और गोमती गंगा संगम पर,
तीर्थ बना बैठी।
आगे रास्ता बना बैठी,
दाड़ी के अन्दर अन्तर्ध्यान हो बैठी।
दाड़ी में राणा घंडिया था,
घंडिया राणे के पास पुंगी राम,
नौकरी चाकरी कर बैठा।
दिन को पुल बनाकर रात को उखाड़ता था।
दाड़ी गौही पर कोदरा छिल्के की रोटी,
खाने को देता था।
वह भार साधा नहीं गया,
राणा घंडिया को गला बैठी।
पुंगी राम की पत्नी सुनीता को,
मक्की की गुडाई करते हुए दर्शन दे बैठी।
दलासणी के पास आ बैठी,
कांटे कशामल के अन्दर स्थापना कर बैठी।
बशां की डाली रोप बैठी

कपली गौऊ बशां री,
डाली आगै पूजिया,
दूधे धार देया ती।

कुल्लुई

कपली गऊ लोप हुई बेठी,
श्याम यप शक्ति रूप प्रकट होई बेठी।
गम्भा संघे वाच़-वच़न वन्ही बेठी,
गंभे न रोज़ पूजा़ पाठा रा,
वचन लेई बेठी।

कपली गाय थी वशां की
डाली के पास पहुंचकर,
दूध की धार देती थी।

हिन्दी अनुवाद

कपली गाय लुप्त हो बैठी,
श्याम रूप शक्ति रूप प्रकट हो बैठी।
गम्भ के साथ बचन बांध बैठी,
गम्भ से प्रतिदिन पूजापाठ का,
बचन ले बैठी।

देवी बराही बराह

कुल्लुई

पाणी रा डलो़ थी,
निहार-घोर पृथ्वी ती।
दिल्ली आगरे मनु संघे,
सुहाग भाग टके बैठी ती।
मां धी रा सहुखा,
बाबा पुत्रारा नाता बणा बेठी।
सगल साथी चली पटकरी बै,
पहाड़ पर्वत ढाको बेठी।
तीबड़ा उपद्रव होंदा लागा ती,
मौखी रै रूपे माण्हू रा,
कलेजा चाखी बेठी ती।
बुरे माण्हू वै चंडी,
माणहू संगदी बुरी गल
साधी नी ती।

देवी बराही बराह

हिंदी अनुवाद

पानी का तालाव था,
अन्धेरी घनेरी पृथ्वी थी।
दिल्ली आगरा मनु के साथ,
सुहाग विवाह सम्बन्ध बना बैठी थी।
मां बेटी का सम्बन्ध,
पिता पुत्र का सम्बन्ध बना बैठी।
सब साथी चले पटीकरी(गांव) को,
पहाड़ पर्वत पकड़ बैठी।
वहां उपद्रव होने लगा था,
मक्खी के रूप में मानव का,
कलेजा चख बैठी थी।
बुरे आदमी को चण्डी,
आदमी के साथ बुरी बात,
सहती नहीं थी।

अम्बिका भगवती निरमण्ड

कुल्लुई
सैरगै चूड़ी पौड़ी,
चूड़ी गे देविए दुर्गे माइए।
बोला विष्णु नरैणा माए,
देविए दुर्गे माइए।
तेरो नाओं लेओ पहले देविए दुर्गे माइए,
देवे दानवे ध्वाए माए देविए दुर्गे माइए।
कौरै इना दानियों संधारा माए देविए दुर्गे माइए,
तौले भौउणा बणावीं माए देविए दुर्गे माइए।
चांदीए शिला कै छैउं माए देविए दुर्गे माइए,
सैरगे चुड़ी पौड़ी चुड़ी गै देविए दुर्गे माइए।
हाथै खाण्डी चाकौ खौपरा गै देविए दुर्गे माइए,
दानवे देदणै लाए माए देविए दुर्गे माइए।
गौड़ा गौड़िए डूबी माए देविए दुर्गे माइए।
कौम्पन कौरदो लागो माइए महाकाली,
केश दूरा-दूरा गिरदौ लागौ।
सहस्र काली प्रगट हुऔ,
काली जाहरू नागौ रा पुकारदौ हुऔ,
जाहरू कालिये सारा रैक्त चाटदा लागो।
तवै परशुराम मां चरणा मंझे, झुकदौ लागौ,
बोलौ मां तू मेरी मां असौ।
देवी लुप्त हुऔ मां,
लोका पुजदौ लागौ।
राणा खनैर का खनैरटी,
निरमण्डा फेरदी चार बौसा राय,

अम्बिका भगवती निरमण्ड

हिन्दी अनुवाद
स्वर्ग से उतर पड़ी,
उतरी हे देवी दुर्गा माता।
बोला बिष्णु नारायण माता,
देवी दुर्गा माता।
तेरा नाम लेना पहले देवी दुर्गा माता,
देव दानव ने ध्यान किया मां दुर्गा माता।
कर इन दैत्यों का नाश मां देवी दुर्गा माता,
तुझे बहन बनाया मां देवी दुर्गा माता।
चांदी की छत डालकर मां देवी दुर्गा माता,
स्वर्ग से उतरी देवी दुर्गा माता।
हाथ में खडग व खप्पर उठाया देवी दुर्गा माता,
दानवों के शरीर बढ़ने लगे मां देवी दुर्गा माता।
गले तक डूब गई मां देवी दुर्गा माता।
कम्पन्न करने लगी मां महाकाली।
केश दूर-दूर तक गिरने लगे,
हज़ारों कालियां प्रकट हुई।
काली जाहरू नाग को पुकारने लगी,
जाहरू नाग व कालियां सारा रक्त चाटने लगे।
तब परशुराम मां के चरणों में, नतमस्तक होने लगे।
बोले-मां तू मेरी मां है।
देवी लुप्त हो गई मां,
लोग पूजने लगे।
राणा खनैर का खनेरटी,
निरमण्ड के चारों ओर रहता था।

बाड़ी भालसी खरशू बौसा।
खैरौ राय खनैरटी,
से सुल्टे हाथे का लेया तो
उलटे हाथै का देआ तो।
साठ हाड़ी-कदाड़ी,
साठ रूहाई कौमा के लाये।
दुपहरी कै चाली बेटड़ी रोटी पहुंचाणे गयौ।

बड़ा भाई खरशू में रहता था।
खैर का राय खनेरटी,
वह सीधे हाथ से लेता था,
उल्टे हाथ से देता था।
साठ हाली कुदाली,
साठ रूहाई काम प लगाये।
दोपहर को चली औरतें रोटी पहुंचाने गई।

कुल्लुई

देवी आपणी लीला दर्शायो,
साठ हाड़ी-कदाड़ी व रूहाई,
साठ जोड़ी बौलद बाटलू बाहमण डुबी गयौ।
जांगड़ा बील कुर्पन गाड़ किनारे,
ख्याली झाखड़ पुजौ।
तौब का मां ख्याली झाखड़ नाम पौड़ो।
सारी बेटड़ी मौरी गयौ,
खनैर का राणा पागल हुऔ।
एक दूजौ राणा समौर असौ,
समौरो राणो लोड़ले पाथे के देआ तो,
बौड़े पाथे के लेआ तो।
तेई लाहुदी गावी ओ दूधे कौर पाआ।
दूई-दूई रिगड़ू दोती-दोती गराही लै आहा तै।
एकी बाहमणी आहगे दुध घी दैणा लै नेही थौ।
तैहा बाहमणी लै गाल़ बैठी।
तेहे फेडुए पाचे दुइ डूने बणउए,
तेहे आपणी एकी चुई ओ दूध,
आपणै लाहनू लै डाही।
दुजे डूने का दूध,
तिना रिगड़ू कै समौरै राय लै भेज़ौ।
राय दी तेऊ दुधा पीईआ मिठ चौढ़ी,
तेउए सौ गावी ओ दुध बंद कीओ,
बाहमणीए दूधै कौर पाओ।
एके बाटे टाली ना,
एक बाटे टाली बिलै निखवी।

हिन्दी अनुवाद

देवी ने अपनी लीला दिखाई।
साठ हाली-कुदाली रूहाई,
साठ जोड़ी बैल बाटलू ब्राह्मण डूब गए।
जांगड़ा बील कुर्पन खडड के किनारे,
ख्याली झाकड़ पहुंचे।
तब से मां इसका ख्याली झाकड नाम पड़ा।
सब महिलायें मर गईं।
खनैर का राणा पागल हो गया।
एक दूसरा राणा समौर का था,
समौर का राणा छोटे पत्थे (परिमाण मापक) से देता था।
बड़े पत्थे से लेता था।
उसने प्रसूता गाय के दूध पर टैक्स लगाया।
दो-दो कर्मचारी सुबह-सुबह टैक्स वसूलने आते थे,
एक ब्राह्मणी के घर दूध घी देने को न था।
उस ब्राह्मणी के मन ने सोचा,
उसने फेड़ू के पते कें दो डूने बनाए।
उसने अपने एक स्तन का दूध,
अपने बेटे को रखा।
दूसरे डूने का दूध,
उन कर्मचारियों को समौर के राणे को भेजा।
राणा को वह दूध पीकर नशा चढ़ा।
उसने गाय का वह दूध बन्द किया,
ब्राह्मणी के दूध पर कर लगाया।
एक बार टाली स्थान गई,
एक बार बीले स्थान गई।

शानाए लै हाका मारा ना हाका,
किहदी गै औए तू निरमण्डे माई ना।
म्हारै सै नादलू ना,
म्हारै गै नांदलू भूखै मूएं चीशै।
एकै चूई गै ना,
एकै चूई गै सौ राणै समौरी लै ना।
दूजी चूई ना,

स्याणे को वहां से आवाज़ लगाई,
क्यों आई तू निरमण्ड मां।
हमारे जो बच्चे हैं,
हमारे ये बच्चे भूख से मर रहे हैं।
एक स्तन का दूध,
एक स्तन का वह राणा समौरी ले जाता है।
दूसरे स्तन का,

कुल्लुई

दूजी गै चूई देंई, हामै बेटे आपणै लै।
हामै आपू मौरी नां,
तू माए होए जागरिता।
आपू गै मौरी बेटै मारी पछांटी पछाटिया,
तेंरै देउरै कै तुए माए होए जागरिता।
सौहवै बाहमणी माइए,
भौउणा लै कोठी हुई।
होर म्हारै सौवै सगाइया जाना सकाइया।
हामा तेंरै भौउणा दि चूई काटिया मौरनौ।
महामाई आपणै भौउणा का बाहरा बौरशै,
कोनिया बौणिया भौउणा का बाहरै निकड़।
समौरी राय आहगै पूजी,
तिही तेहै छा़रै दुकी मौंत्री।
सौ राये बेहड़े लै फैंकी,
तेथै के मांगणी पिरशू बौणै,
समौरी रायौ खाई खाईआ चूटढ़
राय नौरदी नाला़ गाही झूलण लाओं,
माइए मांगड़ी पिरशू दी फड़ैकटू लाए,
समौरी राय पछाटणी-पछाटणी आ मौरौ।

हिन्दी अनुवाद

दूसरे स्तन का, देती हम बेटे अपने को।
हम खुद मर जायेंगी,
तू मां हो जागृत।
स्वयं मरेंगी बेटे मारेंगी पटक-पटक कर,
तेरे मंदिर मैं तू मां हो जागृत।
सब ब्राह्मणी मां,
दरबार में इकट्ठा हुई।
और हमारे सबसे सहन नहीं हो रहा है।
हम तेरे दरबार में स्तन काट कर मरेंगी।
माता अपने दरबार से बारह वर्ष की,
कन्या बनकर दरबार से बाहर निकली।
समौरी राणे के पास पहुंची,
वहां उसने राख की चुटकी अभिमंत्रित की।
वह राय के महल को फैंकी,
उसके खटमल पिस्सू बन गए।
समौर के राणा का जिस्म खा खा के चूसा,
राणा ने नौरदी नाले के ऊपर झूला लगाया था।
मां ने खटमल पिस्सू के झुण्ड लगाए,
समौर का राणा पटक-पटक कर मर गया।

देवी पंचाहली पुजाली

कुल्लुई

कांगड़े भीतरै निखती,
ज्वाला माई नाओं दरशाई बेठी।
बालो बटेलरू ज्ञाना ध्याना लगा बेठी।
घोटे पलोटे भारी हां नी लागदौ।
गोई आगै सीकतौ,
बिज़ बाती चमकली,
धुड़माटी उठली।
आछी नी शूजदा,
सतकौ फिरलौ।
गौंई पीछे सिकलौ,
देश मुलक शूजदौ लागौ,
धीण गागल देई बेठी।
आगै नोज़रा देंदी,
गुमै भीतरै निखती,
आठ मण लूण लाई बेठी।
उझै देऊका म्हारा,
हूंदै राज़का थारा।
आगै नोज़रा देंदी,
कटौला भीतरै निखती।
महाकाली रूपै त्रशाउली बै,
चाकरी देई बेठी।
आगै नोज़रा देंदी,
कांडी भीतरै निखती,

देवी पंचाहली पुजाली

हिन्दी अनुवाद

कांगड़ा अन्दर निकली,
ज्वाला मां नाम दरशा बैठी।
बलो ब्राह्मण से ज्ञान ध्यान लगा बैठी।
घोटे पलोटे भारी हां नहीं लगती।
एक कदम आगे निकली,
साफ आसमान में बिजली चमकी,
धूल मिट्टी उठी।
आंख में नहीं दिखा,
सातों ओर घूमी,
एक कदम पीछे हटी।
देश मुल्क दीखने लगा।
बहन को गाय दे बैठी।
आगे नज़र दी,
गुमा के अन्दर निकली,
आठ मन नमक ला बैठी।
ऊपर देव-स्थान हमारा,
नीचे राज तुम्हारा।
आगे नज़र दी,
कटौला के अन्दर निकली,
महाकाली रूप में त्रशाली को,
नौकरी दे बैठी।
आगे नज़र दी,
फांढी के अन्दर निकली,

ओडो विंदौ घाई बैठी।
गज़ घाई बेठी,
ओरी रायका पोरी बायका
ग्रां बसाई बेठी।
आगै नोज़रा देंदी,
बजोउरै छलैण कुणी भीतरै निखती।
जोगणी सरूपै बीओ बागौ तरी बैठी।
आगै नोज़रा देंदी,

ओड़ा लगा बैठी।
गज़ लगा बैठी,
इधर रायका उधर बाईका
गांव बसा बैठी।
आगे नज़र दी,
बजौरा छलैण के किनारे निकली,
जोगणी रूप में व्यास तैर गई।
आगे नज़र दी,

कुल्लुई

मकराहड़ा भीतरै निखती।
मकराहड़ा मकड़ सिंहा रा शाशन,
सौ आउंदे-जाउंदे,
देउआ खे एक शर्त राखौ।
शर्त जीतणो आले खो जाणे देओ,
हारने आलेओ बन्दी बणाउदो।
आगै नोज़रा देंदी,
मंगलौरा भीतरै निखती।
मंगल सिंह राजा सीण मिरग मांस खालौ।
मिरग मांस नाहीं आणला,
मल्ली मासा लागी बैठो।
चीला डाडा शांगटौ शोटली।
मंगल सिंह राजा गाली ढाड़ी बेशली।
आठ के मौहते शाठ के डाहुली,
चलाउड़ी चांभू पैरा हेठै गाड़ी बेठी।
आगै नोज़रा देंदी,
गाबी भीतरै निखती,
भाद्रू के ध्याड़े जल जातरा लाई बैठी।
शुरू बताला भीतरी निखती।
सोला सुरगणी कुंगु केसर री,
कटोरी लाई केरी निखती।
मंगल गाई बैठी।
धूरा पुरख नाचे मार लागी पौड़दी,
धूरे स्त्री नाचे गण जोइ पणदी लागी,
अपणे-अपणे देउड़ी रचाई बैठी।

हिन्दी अनुवाद

मकराहड़ के अन्दर निकली,
मकराहड़ में मकड़सिंह का शासन था।
वह उधर से आने जाने वाले,
देवता से एक शर्त रखता था।
शर्त जीतने वाले को आगे जाने देता,
हारने वाले को बंदी बना देता।
आगे नज़र दी,
मंगलौर के अन्दर निकली,
मंगल सिंह राजा सिंह-मृग का मांस खाता था।
एक बार मृग मांस नहीं आया,
मानव मांस खाने लगा।
चील के डाल पर शांगटा फैंका,
मंगल सिंह राजा गाली दे बैठा।
आठ मौहते साठ हारी,
चलाउड़ी के चांभु को नीचे गाड़ बैठी।
आगे नज़र दी,
गाबी के अन्दर निकली,
भाद्रपद के दिन जात्र लगा बैठीं।
शुरु बताल के भीतर निकली,
सोलह देवियां तिलक केसर की,
कटोरी ला के निकली।
मंगल गान गा बैठी।
दायीं तरफ नाचने पर मार लगी पड़ने,
दायीं तरफ स्त्री नाचे गण जोई लगी पड़ने,
अपने-अपने घर रचा बैठी।

आगै नौज़रा देंदी,
बाहू भीतरै निखती।
बाहू बौरगौ उत्पन कौरलौ,
गाड़ी ठाड़ी बेठली।
बाहू गाश की सौंघा,
जुआ पासा खेली बैठी।
आपणा जुआ जीती बेशली,

आगे नज़र दी,
बाहू के अन्दर निकली,
बाहू में बौरग पैदा किया।
गाडी ठाडी बैठी।
बाहु के मालिक के साथ,
जुआ पासा खेली बैठी,
स्वयं जुआ जीत बैठी।

कुल्लुई

गाश की जुआ हारी बेशली।
बाहू भाल्डू कुरम कोड़ी डाही बेशली।
नागडीं नगेहड़,
आगै नोज़रा देंदी,
डेहड़ बाई निखती।
गढ़े कोट शत्रु पैर धरने न देंदी।
गढ़े कोटे शाह शरठ देसा ज़ीततै,
ईहलै रिंगड़ बाण काढू ली।
ठारह कनारै ठ्रौंउली,
एको न डाहुली।
गढ़े कोट शत्रु वै पैर धरनै न दींदी।
आपणा बाहण छाडी बैठी,
आपणा बाहण मेटी बैठी।
आगै नोज़रा देंदी,
पेड़चै भराड़ी भीतरै निखती।
भ्रामरी नांव दरशाई बेठी।
आगै नोज़रा देंदी,
थोगी भीतरै निखती,
आपणा बाणा बाहमणी वै देली,
बाहमणी रा बाणा आपू लौऊंदी।
थोगी पाचडू डाही बेठी।
थान मान नरोल बणाई बेठी।
आगै नोज़रा दींदी,
पुजाली भीतरै निखती।
थौणा वै पौहरौ देई बैठी,
दूजे कनारै विष्णु वै थान मान डाही बैठी।
चिलत लारा बिल बलोड़ी,
